page 1_Layout 1 23-10-2026 21:35 Page 1

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'

डेली

आवाज भारती


बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » शनिवार, 24 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :181 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



पैरा एथलीट संदीप ने रचा इतिहास

400 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

भारतीय पैरा एथलीट संदीप ने एशियन पैरा गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 400 मीटर T64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने 52.28 सेकंड में दौड़ पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। उनकी इस उपलब्धि ने भारतीय खेल जगत को गौरवान्वित किया और देश के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा पेश की।

प्रधानमंत्री मोदी से मिले यूएई के शेख थियाब बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान

यह दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब यूएई के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने इसी सप्ताह भारत का दो दिवसीय दौरा किया

- **कहा, यह यात्रा भारत और यूएई के बीच नियमित उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की गति को और मजबूत करेगी**

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रेसिडेंट न्यायालय में विकास एवं शहीद नायकों के मामलों के उपाध्यक्ष शेख थियाब बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट कर बताया, 'यूएई के राष्ट्रपति न्यायालय में विकास एवं शहीद नायकों के मामलों के उपाध्यक्ष महामहिम शेख थियाब बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।' शेख थियाब गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने उनके दौरे का स्वागत करते हुए कहा था कि यह यात्रा भारत और यूएई के बीच नियमित उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की गति को और मजबूत करेगी। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब यूएई के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने इसी सप्ताह भारत का दो दिवसीय दौरा किया था। मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर और शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने मुंबई में मुलाकात की थी।

इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की और व्यापक रणनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की। बैठक के बाद जयशंकर ने कहा था कि भारत और यूएई के संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप अपनी संभावनाओं को साकार कर रहे हैं। उन्होंने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स, रक्षा, शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग का उल्लेख किया था। भारत और यूएई के बीच पिछले कुछ वर्षों में व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्र में संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। दोनों देश विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और आर्थिक विकास एवं समृद्धि के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

अमेरिका का साथ देने वाले देशों को माना जाएगा 'दुश्मन', ईरान की चेतावनी

डेली आवाज भारती

- **कहा,** यदि सैन्य कार्रवाई दोबारा शुरू होती है तो ईरान यह पहचानने में सक्षम होगा कि कौन-कौन से क्षेत्रीय देश अमेरिकी सेना का समर्थन करने के लिए तैयार

तेहरान। ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में अमेरिका और ईरान के बीच फिर से सैन्य संघर्ष होता है, तो अमेरिका का समर्थन करने वाले किसी भी देश को तेहरान के खिलाफ शत्रुतापूर्ण कदम उठाने वाला माना जाएगा। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के सदस्य फदा हुसैन मलिकी ने रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि यदि सैन्य कार्रवाई दोबारा शुरू होती है तो ईरान यह पहचानने में सक्षम होगा कि कौन-कौन से क्षेत्रीय देश अमेरिकी सेना का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में ईरान के फैसले केवल उन देशों में मौजूद सैन्य ठिकानों पर हमले तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन देशों को भी शत्रु देश की श्रेणी में रखा जा सकता है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ने पिछले तीन वर्षों में इजराइल की मिसाइल रक्षा प्रणाली के लिए करदाताओं के 11 अरब



डॉलर खर्च किए हैं। अराघची ने कहा, अमेरिका ने इजराइल की रक्षा में इजराइल से भी ज्यादा इंटरसेप्टर मिसाइलें दागी हैं। यह दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग वाला संबंध नहीं है, बल्कि एकतरफा निर्भरता वाला संबंध है।

इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि ईरान के खिलाफ आगे भी सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि उन्होंने माना कि इसका राजनीतिक असर आगामी संसदीय चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। वॉशिंगटन से रवाना होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ उनके फैसले को लेकर अमेरिकी जनता की राय बंटी हुई है, लेकिन उनका मानना है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना जरूरी है। ट्रंप ने कहा, एक तरफ लोग इसका समर्थन करते हैं, क्योंकि मैं वह कर रहा हूं जो पहले के राष्ट्रपतियों को करना चाहिए था, लेकिन दूसरी तरफ कुछ लोग इससे सहमत नहीं भी हो सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि इस फैसले की एक कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन हम ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दे सकते।

नशे से जुड़े मामले सीबीआई को सौंपने से क्यों डरते हैं मुख्यमंत्री: अश्वनी शर्मा

- **कहा, हाल ही में पंजाब पुलिस के कांस्टेबल करनदीप को, जो ड्रोन सिस्टम को नियंत्रित करता था, बीएसएफ ने 15 किलोग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा**

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़: भगवंत मान जी, यदि पंजाब में नशा गुजरात या अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से ही आ रहा है, तो नशे से जुड़े मामलों की जांच सीबीआई और NIA को सौंप दीजिए। नशे के मामलों की CBI जांच से आपको डर क्यों लगता है? परविंदर झोटा के साथ-साथ गुलजार सिंह और बिक्रमजीत सिंह के मामले भी CBI को सौंप दीजिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। ये शब्द पंजाब भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक अश्वनी शर्मा के हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा केंद्र सरकार पर नशे के मुद्दे को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पर कीचड़ उछालने से आप अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। नशे, गैंगस्टरवाद और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में अपनी नाकामियों के लिए आपको पंजाब की जनता को जवाब देना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री गुजरात में नशीले पदार्थों की बरामदगी और बंदरगाहों के माध्यम से हो रही तस्करी पर सवाल उठा रहे हैं, तो उन्हें सीधे तौर पर यह जवाब देना चाहिए कि पंजाब में घर-घर तक चिट्टे की पुड़िया कैसे पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में पंजाब पुलिस के कांस्टेबल करनदीप को, जो ड्रोन सिस्टम को नियंत्रित करता था, BSF ने 15 किलोग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा है। मुख्यमंत्री बताएं कि पंजाब पुलिस और ड्रग तस्करों के बीच कथित गठजोड़ को तोड़ने के लिए सरकार ने क्या कार्रवाई की है।

अबू धाबी में रूस, अमेरिका और यूक्रेन के बीच होगी त्रिपक्षीय वार्ता

यूरोप की भागीदारी से भी इनकार नहीं: क्रेमलिन

डेली आवाज भारती

मॉस्को। रूस, अमेरिका और यूक्रेन के बीच नवंबर के पहले पखवाड़े में अबू धाबी में होने वाली आगामी वार्ता त्रिपक्षीय प्रारूप में आयोजित की जाएगी। हालांकि, क्रेमलिन ने इसमें यूरोपीय देशों की भागीदारी की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी। उनसे पूछा गया था कि क्या प्रस्तावित वार्ता में यूरोप को भी शामिल कर इसे चार पक्षों की बातचीत बनाया जा सकता है। पेसकोव ने कहा, ÷सैद्धांतिक रूप से किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन नवंबर के पहले पखवाड़े में अबू धाबी में होने वाली जिस वार्ता की हम बात कर रहे हैं, वह त्रिपक्षीय प्रारूप में होगी।÷

तास की रिपोर्ट के अनुसार, इस बातचीत में रूस और यूक्रेन के लिए युद्ध के बाद सुरक्षा गारंटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही यूरोप की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा भी बातचीत के दायरे में आ सकता है।

इस बीच, पेसकोव ने बताया कि रूसी डीजल ईंधन लेकर पहला टैंकर अमेरिका के लिए रवाना हो चुका है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की आपूर्ति नियमित रूप



से जारी रहेगी। पेसकोव ने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय की ओर से पहले ही इस संबंध में जानकारी दी जा चुकी है कि पहला टैंकर अपने निर्धारित गंतव्य और खरीदारों के लिए रवाना हो गया है। उन्होंने कहा कि अब आगे भी इसकी आपूर्ति नियमित रूप से होती रहेगी।

इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को चेतावनी दी थी कि रूस के साथ शांति समझौते में देरी करने से यूक्रेन की स्थिति और मुश्किल हो सकती है। ट्रंप ने तर्क दिया कि रूस लगातार क्षेत्रीय बढ़त हासिल कर रहा है और संघर्ष के शुरुआती दौर में जिन शर्तों पर समझौता संभव था, उन्हें हासिल करने का अवसर अब यूक्रेन के हाथ से निकल सकता है।

उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा कि रूस की सैन्य बढ़त और यूक्रेन में बढ़ती जनहानि के कारण बातचीत के जरिए समझौता करना अब और जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि रूस की बड़ी आबादी उसे लंबे समय तक युद्ध जारी रखने में महत्वपूर्ण बढ़त देती है। ट्रंप ने माना कि दोनों देशों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन उनके अनुसार, आबादी के लिहाज से यूक्रेन के सामने अधिक सीमाएं हैं।

ट्रंप ने कहा, ÷यूक्रेन को इस युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करना होगा। जेलेंस्की को इस युद्ध को समाप्त करने के लिए तैयार होना होगा। अगर वह ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि यह बहुत बुरा होगा।÷ अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि जेलेंस्की पहले वाशिंगटन के साथ हुई चर्चाओं के दौरान अधिक अनुकूल शर्तों पर समझौता कर सकते थे।

शिरोमणी अकाली दल ने पंजाब के गर्वनर से मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने की अपील की

- **कहा, भीम सिंह ने जोर देकर कहा कि इस गठजोड़ को मुख्यमंत्री भगवंत सहित शीर्ष स्तर से संरक्षण मिल रहा**

डेली आवाज भारती





चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल ने आज पंजाब के गर्वनर गुलाब चंद कटारिया से मुख्यमंत्री भगवंत मान को बर्खास्त करने की अपील की और साथ ही नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाले शहीद परविंदर सिंह झोटा के परिवार को 2 करो रूपये का मुआवजा देने और उनकी पत्नी को क्लास वन नौकरी देने का आग्रह किया है। अकाली दल अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल की अगुवाई में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने ड्रग व्यापार को संरक्षण देने और अपराधियों को हथियार लाइसंस जारी करने के आरोपी सभी मंत्रियों, विधायकों और नागरिक एवं पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आग्रह किया कि परविंदर झोटा के कत्ल में चल रही सीबीआई जांच का दायरा बे ाकर तूर बंजारा (दिड़बा) के गुलजार सिंह का मामलों को भी कवर किया जाए, जिन्होंने अपनी मौत से पहले वित्तमंत्री हरपाल चीमा का नाम लिया था और श्री हरगोबिंदपुर साहिब के बिक्रमजीत सिंह का मामला जिनकी ड्रग माफिया का विरोध करने पर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। राज्यपाल को जानकारी देते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि जब राज्य नशे की समस्या से जूझ रहा है ऐसे समय में पंजाबियों में विश्वास पैदा करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नशा विरोधी कार्यकर्ता का परिवार पंजाब का परिवार है और भले ही परविंदर झोटा के पिता ने कोई व्यक्तिगत लाभ नही मांगा, लेकिन राज्य को उनके परिवार की देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परविंदर झोटा की पत्नी एक शिक्षिका है और उन्हें एक प्रथम श्रेणी की नौकरी दी जानी चाहिए। यह कहते हुए कि मुख्यमंत्री भगवंत मान और डीजीपी गौरव यादव परविंदर झोटा की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने झोटा के पिता भीम सिंह के बयान का हवाला दिया कि कैसे उनका बेटा पंजाब में ड्रग्ज के कारोबार के पीछे राजनेता-पुलिस सांठगांठ का शिकार हो गया।

> **ज्ञापन** में कहा गया कि ऐसा करके पंजाबियों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि अब बहुत हो गया ।'' पंजाब और पंजाबियों ने महसूस कर लिया है कि नशे का खतरा और इसके अपराधी इनका बचाव करने वाले राज्य के सबसे बड़े दुश्मन हैं और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।''

सीएम को दिल्ली एयरपोर्ट पर क्यों रोका गया ?

भगवंत मान ने दिया अपना पहला बड़ा बयान, पढ़ें क्या कहा?

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजनः पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को फ्रांस के ऑफिशियल दौरे से लौटते समय दिल्ली एयरपोर्ट पर दो से तीन घंटे तक रोके जाने का मामला गरमा गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुद मीडिया के सामने आकर इस पूरी घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और बीजेपी सरकार के साथ-साथ चुनाव आयोग के बड़े अधिकारियों पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। सीएम भगवंत मान ने दावा किया कि एयरपोर्ट पर कस्टम डिपार्टमेंट का हेड चीफ इलेक्शन कमिश्नर (ष्टश्वष्ट) का कर्जनि है। उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया कि जब भी मौका मिलता है, ये लोग पॉलिटिकल बदले की भावना से बदला लेते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को जानबूझकर दो घंटे तक एयरपोर्ट पर रखा गया और उनके सभी सामानों की बारीकी से चेकिंग की गई। हालांकि, कड़ी चेकिंग के बावजूद अधिकारियों को कुछ नहीं मिला और कुछ भी आपत्तिजनक बरामद नहीं हुआ। सीएम मान ने इस घटना को लेकर मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की। सीएम मान का मानना है कि पंजाब सरकार द्वारा उठाए जा रहे जनहितैषी कदमों और केंद्र के साथ अलग-अलग मुद्दों पर मतभेदों के कारण उन्हें जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है। आप नेताओं का कहना है कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की ऐसी हरकतें देश के फेडरल स्ट्रक्चर और डेमोक्रेसी के लिए बहुत नुकसानदायक हैं। इस घटना के बाद राज्य की पॉलिटिक्स में तनाव काफी बढ़ गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान हाई कोर्ट से परमिशन लेकर फ्रांस के दौरे पर गए थे। इस दौरे का मुख्य मकसद पंजाब की बड़ी संस्थाओं मार्कफेड और वेरका के प्रोडक्ट्स को ग्लोबल लेवल पर विदेश में लॉन्च करना और पंजाबी इंडस्ट्री को बढ़ावा देना था। लेकिन जब वह अपना दौरा पूरा करके दिल्ली एयरपोर्ट लौटे, तो उन्हें और उनके परिवार को वहां काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।

झोटा मामले में 12 मांगों पर सरकार की सहमति

परिवार की मंजूरी का इंतजार

- **मानसा: परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड में सरकार और परिवार के बीच बातचीत जारी, सीबीआई कर रही जांच**

डेली आवाज भारती

मानसा। पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में पंजाब सरकार और उनके परिवार व एक्शन कमेटी के बीच मांगों को लेकर बातचीत जारी है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सरकार ने 14 मांगों पर चर्चा के दौरान 12 मांगों पर सहमति देने या उन पर कार्रवाई करने की बात कही है। हालांकि, सभी मांगों को लेकर अंतिम सहमति बनने की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है और जांच शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, मानसा के संबंधित पुलिस अधिकारियों और ड्रग इंस्पेक्टर के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। सरकार ने मानसा में प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर का नाम परविंदर सिंह झोटा के नाम पर रखने तथा घटना में घायल हुए चार लोगों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की बात भी कही है। झोटा की याद में प्रतिमा स्थापित करने की मांग पर भी चर्चा हुई है। दूसरी ओर, झोटा के परिवार और एक्शन कमेटी का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे अपने रुख पर कायम रहेंगे। परिवार ने पोस्टमार्टम की अनुमति देने से भी इनकार किया है। अब इस मामले में सभी की नजरें सरकार और परिवार के बीच होने वाली अगली बातचीत पर टिकी हैं।



पंजाब विधानसभा के सेशन के दूसरे दिन स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव पास

डेली आवाज भारती

पंजाब विधानसभा के सेशन के दूसरे दिन स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया। ये प्रस्ताव वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने पेश किया। पंजाब स्ट्रक्च और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्ताव पेश करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

इस पर ष्टरूभगवंत मान ने कहा कि पंजाब हमेशा से धक्केशाही के खिलाफ आवाज उठाने वाला राज्य रहा है। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र के लिए चिंता की बात है कि पहले लोग सरकारें चुनते थे, लेकिन अब सरकारें तय कर रही हैं कि कौन वोट डालेगा और किसकी वोट काटनी है। सीएम ने कहा कि 14 करोड़ लोगों की वोट काट दी गई, नए वोटरों की वोट नहीं बन रही और श्वष्ठ-ष्टड्ढह्लद्ध चुनाव के समय विपक्ष के नेताओं के घर पहुंच जाती हैं। आज कल यह हमारे घरों में आ रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चारों पिलर डिक्टेटरशिप की जंजीरों में जकड़े हुए हैं और वोटों की यह लूट बहुत खतरनाक है। इससे पहले सेशन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा हो गया। गले में काले कपड़े डालकर सदन में पहुंचे कांग्रेस विधायकों ने मांग की कि पहले राज्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो। स्पीकर कुलतार संधवां ने कहा कि इस पर बात करेंगे, लेकिन उन्होंने प्रश्नकाल शुरू कर दिया। इससे कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी।



चीमा बोले- परगट चिट्टा फैलाने वाली पार्टी के मेंबर

इस पर वित्तमंत्री हरपाल चीमा सीट से खड़े हो गए। उन्होंने कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह को टारगेट करते हुए कहा कि मिस्टर परगट सिंह, यू आर द मेंबर ऑफ चिट् टा पार्टी। आप पंजाब में चिट् टे का नशा फैलाने वाली पार्टी के मेंबर रहे हो। तलवंडी साबो स्थित तख्त दमदमा साहिब पर नशा खत्म करने की झूटी कसम खाई।

सुखपाल सिंह खैहरा को सस्पेंड किया

इस दौरान कांग्रेस के स्ष्क सुखपाल सिंह खैहरा को सेशन के बाकी बचे समय के लिए सस्पेंड कर दिया गया। चीमा ने कहा कि खैहरा ने सदन की मर्यादा भंग की। खैहरा ने आपत्तिजनक शब्द बोले। इस पर खैहरा ने जवाब देते हुए कहा कि अगर पंजाब के मुद्दे उठाना गुनाह है तो भी मैं ये मुद्दे उठाता रहूंगा। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री विधानसभा में लगाए गए अपने आरोपों को साबित करें। वरना सार्वजनिक रूप में माफी मांगे। सेशन की कार्यवाही अब 27 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

CMYK

page 2_Layout 1 23-10-2026 22:06 Page 1

जल्द ही खत्म होगी बिजली कर्मचारियों की हड़ताल, यूनियन के नेता बैठक के लिए तैयार: अनिल विज

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार निजी बिजली लाइसेंस जारी करने के फैसले को रद्द करने के लिए धारा 108 का इस्तेमाल कर सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि हड़ताल को सुलझाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए दोपहर 3 बजे बिजली कर्मचारियों के यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बैठक निर्धारित की गई है। हरियाणा के बिजली कर्मचारियों की हड़ताल पर अनिल विज ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा, ÷यह मामला लगभग सुलझ गया है। मैंने कर्मचारी यूनियन के नेताओं से बात की है। मैं उन्हें पहले दिन से ही कह रहा हूं कि हड़ताल कोई समाधान नहीं है। आइए, बैठकर बातचीत करें। अगर आप कोई और हल सुझाते हैं, तो हम उस पर भी विचार करने को तैयार हैं। कल यूनियन ने मांग की थी कि सरकार आदेश को रद्द करने के लिए धारा 108



का इस्तेमाल करे, जो हम कर सकते हैं। अनिल विज ने आगे कहा, मैंने मुख्यमंत्री से भी बात की है और आज सुबह सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि हम धारा 108 का इस्तेमाल करेंगे। यूनियन के नेता आज दोपहर 3 बजे पंचकूला रेस्ट हाउस में बैठक के लिए आने को तैयार हो गए हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि कुछ ही घंटों में हड़ताल खत्म हो जाएगी। बिजली अधिनियम की धारा 108 के अनुसार, जनहित से जुड़े नीतिगत मामलों में राज्य आयोग को राज्य सरकार के निर्देशों का पालन करना होगा और कोई मामला जनहित का है या नहीं, इस पर सरकार का निर्णय अंतिम होगा। अनिल विज ने बिजली कर्मियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार आपकी मांग पर विचार कर रही है, इसलिए हड़ताल वापस लें और बिजली आपूर्ति सुचारू करें। राज्य के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा, ÷स्मृति ईरानी को भाजपा हरियाणा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वह एक बहुत ही सक्षम और अनुभवी राजनेता हैं। उनके मार्गदर्शन में संगठन मजबूत होगा और सरकार को भी अपने कामकाज में काफी सहयोग मिलेगा। बता दें कि हरियाणा में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बिजली क्षेत्र के कथित निजीकरण के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारियों ने कामकाज पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसकी वजह से कई जिलों में बिजली सप्लाई बाधित होने से लोग परेशान हैं।

रेलवे के बाद पावर सेक्टर को भी निजी हाथों में सौंप रही भाजपा सरकार : दुष्यंत चौटाला

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा है कि जननायक जनता पार्टी निजीकरण के खिलाफ है और पार्टी पूरी तरह बिजली कर्मचारियों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा प्रदेश को इस तरह प्राइवेट हाथों में बेचने नहीं दिया जाएगा। शुक्रवार को सिरसा में मीडिया से रूबरू हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बिजली प्राधिकरण की ओर से निजी कंपनी को आगामी 25 साल के लिए गुरुग्राम व नूंह दोनों जिलों में बिजली वितरण के लिए ठेके दिए गए है। उन्होंने कहा कि यह मामला उस समय और अधिक संवेदनशील हो जाता है जब निजी कंपनी की वित्तीय हालत ऑन रिकॉर्ड



सही नहीं बताई जा रही है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि गुरुग्राम नूंह जिले से दक्षिण हरियाणा विद्युत निगम के राजस्व रिकॉर्ड में लगभग 50 फीसदी राजस्व उपरोक्त जिलों से आता है। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक लाभ कमाने वाले इन जिलों में ही यह ठेका क्यों दिया गया? दुष्यंत ने कहा कि यह निजी कंपनी बिजली वितरण के लिए निगम का ही इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ऐसे निर्णयों की पृष्ठभूमि में देखा गया है कि निजी कंपनियों ने आमजन को सुविधाएं कम और महंगे रेट पर बिजली उपलब्ध करवाई है जो सीधे-सीधे आमजन से छलावा सिद्ध हुई है। अब हरियाणा की भाजपा सरकार ने प्रदेश के लोगों को महंगे दामों पर बिजली उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है, जिसका जेजेपी पुरजोर विरोध करती है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार रेलवे के बाद अब बिजली सेक्टर का निजीकरण करने पर तुली है। उन्होंने सवाल उठाया कि एक तरफ तो भाजपा सरकार बिजली सुधारों में हरियाणा को बेहतर बनाने का दावा करती है तो दूसरी तरफ सरकार पावर सेक्टर को प्राइवेट हाथों में क्यों बेच रही है ? दुष्यंत चौटाला ने कहा कि निजी कंपनी को यह कार्य सौंपने का अर्थ है कि हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार बंद होना। इस निर्णय से बिजली निगम में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने वर्तमान स्थितियों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सरकार की हठधर्मिता व उदासीनता से आज पिछले दो दिनों से लोगों को घरों में बिजली और पानी नसीब नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं उद्योग धंधे, कारखाने बंद पड़े हैं। अस्पतालों में बिजली गुल है, मरीजों का बुरा हाल है और उनके ऑपरेशन तक रुके हुए हैं। ऐसे में राज्य सरकार तमाशबीन बनी हुई है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अगर हरियाणा के बिजली मंत्री असल में निजीकरण के खिलाफ है तो वे बिजली सेक्टर के हो रहे निजीकरण के विरूद्ध कई शक्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

हरियाणा सरकार को खुद नहीं मालूम प्रदेश में क्या हो रहा है

बिजली निजीकरण पर सरकार की कथनी और करनी में विरोधाभास : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

सिरसा। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने हरियाणा में बिजली वितरण के निजीकरण और बिजली आपूर्ति संकट को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। सांसद ने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि हरियाणा सरकार को खुद नहीं मालूम कि प्रदेश में क्या हो रहा है। सरकार कुछ कहती है और होता कुछ और है। सरकार की कथनी और करनी में भारी विरोधाभास दिखाई दे रहा है, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का समानांतर लाइसेंस देने का फैसला हो जाता है और सरकार कहती है कि वह इसके खिलाफ अपील करेगी। आखिर सरकार बताए कि वह किसके खिलाफ अपील करेगी? जब उसकी



अपनी नीतियों के तहत निजीकरण का रास्ता खुला है तो अब जिम्मेदारी से बचने का प्रयास क्यों किया जा रहा है? भाजपा सरकार को इस पूरे मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सांसद ने कहा कि बिजली कर्मचारियों को न इधर का छोड़ा जा रहा है, न उधर का। उनके भविष्य और सेवा सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। दूसरी ओर गुरुग्राम, सिरसा, हिसार, जींद, रोहतक, पानीपत, फरीदाबाद, करनाल और अंबाला सहित विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की शिकायतों से आम जनता परेशान है। किसान, व्यापारी, छोटे उद्योग और घरेलू उपभोक्ता इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस बिजली जैसी आवश्यक सेवा को मुनाफे का साधन बनाने के बजाय जनकल्याण की जिम्मेदारी मानती है। सुधार के नाम पर सरकारी बिजली निगमों को कमजोर करना उचित नहीं है। सरकार बताए कि निजीकरण से बिजली दरों, किसानों की रियायतों और गरीब उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा कैसे होगी। जो सरकार अपनी नीतियों और फैसलों की जिम्मेदारी नहीं ले सकती, उसे सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं सांसद ने मांग की कि सरकार कर्मचारियों से तत्काल बातचीत करे, निजीकरण संबंधी फैसले की समीक्षा करवाए और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करे। कुमारी सैलजा ने कहा कि जो सरकार अपनी नीतियों और फैसलों की जिम्मेदारी नहीं ले सकती, उसे सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। जनता को बिजली चाहिए, भाजपा सरकार की निजीकरण नीति का अंधेरा नहीं।

विस अध्यक्ष ने की जनप्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा



डेली आवाज भारती

हरियाणा सरकार और विधान सभा अधिकारियों के साथ की बैठक चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को हरियाणा सरकार व विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनप्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। यह सम्मेलन 2 नवंबर से पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में होगा। इसके उद्घाटन सत्र में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा समापन सत्र में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश के सभी वर्तमान और पूर्व विधायक शामिल होंगे। विधान सभा सचिवालय में शुक्रवार को आयोजित बैठक में इंद्रधनुष ऑडिटोरिम में किए जाने वाले प्रबंधों, अतिथियों व प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रबंधों, पंजीकरण, स्वागत, यातायात, तथा प्रचार-प्रसार आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि यह सम्मेलन संवैधानिक मूल्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा संसदीय प्रणाली और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

गौरतलब है कि हरियाणा विधान सभा की ओर से 2 नवंबर से संविधान पखवाड़े का शुभारंभ किया जाएगा। इसके तहत संविधान, संसदीय प्रणाली और लोकतांत्रिक परंपराओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम लोक सभा के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे।

हरियाणा में बिजली संकट पर कांग्रेस का सरकार पर हमला, निजी कंपनी को दिया गया टेंडर रद्द करने की मांग

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को हरियाणा में जारी बिजली संकट को लेकर राज्य की नायब सिंह सैनी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने बिजली वितरण व्यवस्था को निजी कंपनी के हवाले करने के लिए दिए गए किसी भी टेंडर को रद्द करने की मांग की। सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के रुख पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार अज्ञात लाभ के लिए बिजली वितरण व्यवस्था एक निजी कंपनी को सौंपने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि हरियाणा बिजली और पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। इससे आम लोगों के घरों, कारोबार और उद्योगों पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ÷बिजली और पानी के संकट के कारण हरियाणा के लोग बहुत परेशान हैं। लोगों के इन्वर्टर जवाब दे रहे हैं। कारोबार और उद्योग बर्बादी की कगार पर हैं। पानी और दूध जैसी बुनियादी जरूरतों की कमी से परेशान लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। बिजली वितरण व्यवस्था के कथित निजीकरण पर सवाल उठाते हुए सुरजेवाला ने पूछा कि राज्य सरकार इसे एक ही निजी कंपनी को क्यों सौंपना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार अज्ञात लाभ के लिए बिजली वितरण व्यवस्था एक कंपनी को सौंपना चाहती है। उन्होंने सवाल किया कि इस कदम के पीछे क्या वजह है और सरकार निजी कंपनी को यह व्यवस्था क्यों देना चाहती है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि गुरुग्राम और नूंह में इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, क्योंकि इन क्षेत्रों में मुनाफे की अधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर कई बैठकें कर चुके हैं, जबकि सरकार लगातार स्थिति सुधारने के प्रयास करने का दावा कर रही है। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य सरकार नियामक प्राधिकरणों के फैसलों से अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती। उन्होंने कहा, ÷हरियाणा के निवासी के तौर पर मैं पूछना चाहता हूं कि क्या एचईआरसी ने बिजली वितरण व्यवस्था निजी कंपनी को सौंपने का आदेश दिया है? सभी नियुक्तियां आपने की हैं और आयोग के सदस्य भी भाजपा से जुड़े हैं।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने खरड़ हलके के चार गांवों में 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपये के विकास कार्यों की शुरुआत करवाई

गांव तोले माजरा, चुडियाला सूदां, सवाड़ा और कालेवाल में विकास कार्यों का उद्घाटन

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया : खरड़ हलके के इंचार्ज एवं पंजाब युवा विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने आज हलके के चार गांवों तोले माजरा, चुडियाला सूदां, सवाड़ा और कालेवाल में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया तथा नए कार्यों की शुरुआत करवाई। इन विकास कार्यों पर कुल 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने गांव तोले माजरा में नवनिर्मित बोरवेल का उद्घाटन किया। इस बोरवेल पर 42 लाख रुपये की लागत आई है। इसके



अलावा गांव की गलियों में इंटरलॉकिंग टाइलें लगाने के विकास कार्यों की भी शुरुआत की गई, जिस पर 20 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार गांव चुडियाला सूदां में गलियों के विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया तथा नालियों के निर्माण कार्यों का नींव पत्थर रखा गया। इन कार्यों पर कुल 17 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। गांव सवाड़ा में गलियों और नालियों के निर्माण के साथ-साथ छप्पड़ की दीवार बनाने के विकास कार्यों की शुरुआत की गई। इन कार्यों पर 18 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, गांव कालेवाल में गलियों और नालियों से संबंधित विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। इसके साथ ही गांव में गेट के निर्माण का नींव पत्थर रखा गया। पानी के टैंकर की व्यवस्था तथा खेल मैदान से संबंधित विकास कार्य भी जनता को समर्पित किए गए। इन सभी कार्यों पर कुल 25 लाख 50 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। स अवसर पर सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि खरड़ हलके के गांवों का सर्वांगीण विकास करवाना उनकी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गलियों, नालियों, पीने के पानी और खेल सुविधाओं जैसे बुनियादी विकास कार्यों से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और हलके के गांवों में बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर कार्यसाधक अधिकारी सरदार अशोक पथरिया, ब्लॉक समिति के चेयरमैन सरदार रघवीर सिंह मोदी, बीडीपीओ सरदार महकमीट सिंह, गांव चुडियाला सूदां के सरपंच सरदार बलबीर सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य सरदार जगजीत सिंह, सोनी मच्छली, ब्लॉक प्रधान सरदार संजीव राणा, गांव सवाड़ा की सरपंच श्रीमती अमनप्रीत कौर, गांव कालेवाल की सरपंच श्रीमती सुरिंदर कौर, सरदार हरजिंदर सिंह नोनी, सचिव सरदार विक्रम सिंह, सरदार जगमोहन सिंह, पूर्व सरपंच सरदार परमिंदर सिंह और सरदार राजिंदर गुरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं गांववासी उपस्थित थे।

एसडीएम सतीश चंद्र ने घाबदां, बालियां और भिंडरां की अनाज मंडियों का किया दौरा, धान खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

- किसानों से मंडियों में सूखा धान लाने की अपील

डेली आवाज भारती

संगरूर/मोहिंदर सिंह। संगरूर, 23 अक्टूबर- स्ठरूसंगरूर श्री सतीश चंद्र ने घाबदां, बालियां और भिंडरां की अनाज मंडियों का दौरा करके धान की खरीद से संबंधित प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने मंडियों में फसल की आमद और खरीद प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की तथा संबंधित अधिकारियों को किसानों की सुविधा के लिए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस मौके पर श्री सतीश चंद्र ने कहा कि धान की खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए खरीद एजेंसियों, मंडी बोर्ड और अन्य संबंधित विभागों के बीच तालमेल जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



मंडियों में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न होने दी जाए। स्ठरूने किसानों से अपील की कि वे मंडियों में केवल सूखा धान ही लेकर आएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित नमी मानकों के अनुसार फसल लाने से खरीद प्रक्रिया जल्द पूरी करने में मदद मिलती है और किसानों को मंडियों में बेवजह इंतजार नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि अधिक नमी वाला धान मंडी में लाने से उसे सुखाने के लिए अतिरिक्त समय लगता है, जिससे खरीद में देरी हो सकती है। इसलिए किसानों को फसल की कटाई, संभाल और मंडी में लाते समय नमी का विशेष ध्यान रखना चाहिए और खरीद कर्मचारियों का सहयोग करना चाहिए। श्री सतीश चंद्र ने मंडियों में साफ-सफाई, पीने के पानी, रोशनी और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि खरीदे गए धान की समय पर लिफ्टिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि मंडियों में दूसरी फसल लेकर आने वाले किसानों को जगह की कमी का सामना न करना पड़े।

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कैरो मार्केट पार्किंग स्टैंड प्रोजेक्ट का मुद्दा विधानसभा में उठाया

पहले से देरी में चल रहे इस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करवाया जाए: विधायक डॉ अजय गुप्ता

डेली आवाज भारती

अमृतसर। केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने आज पंजाब विधानसभा सेशन में किए गए प्रश्न काल के दौरान हॉल बाजार स्थित कैरो मार्केट आधुनिक मल्टी स्टोरी पार्किंग स्टैंड का मुद्दा उठाया। विधायक डॉ गुप्ता द्वारा किए गए प्रश्न के जवाब में लोकल बॉडी मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि पार्किंग स्टैंड प्रोजेक्ट प्रगति अधीन है। इस प्रोजेक्ट को लेकर नगर निगम अमृतसर के अधिकारियों ने बताया है कि इस पार्किंग स्टैंड प्रोजेक्ट में पावर कॉम के ट्रांसफार्मर, हाई टेंशन पावर कॉम की तारे, ट्यूबवेल और सुलभ टॉयलेट सेट बना हुआ था। जिसे हटाने में समय लग गया है। मंत्री ने कहा कि 15 दिसंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। विधायक डॉ अजय गुप्ता द्वारा किए गए प्रश्न का



जवाब लोकल बॉडी मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा दिए जाने के उपरांत विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि यह प्रोजेक्ट बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस आधुनिक पार्किंग स्टैंड के आसपास अमृतसर शहर की महत्वपूर्ण कमर्शियल मार्केट है। इस प्रोजेक्ट का रास्ता सचखंड श्री दरबार साहिब की ओर भी जाता है। लोगों की सहुलत और ट्रैफिक समस्या ठीक करने के लिए यह प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरा हो जाना चाहिए था।इस प्रोजेक्ट को अप्रैल 2023 को शुरू किया गया था। यह प्रोजेक्ट 21 महीने के भीतर पूरा किया जाना था। किंतु इतना लंबा समय भी जाने के उपरांत भी यह प्रोजेक्ट अभी तक पूरा नहीं किया गया है।उन्होंने कहा कि अगर नगर निगम अमृतसर को इस प्रोजेक्ट को लेकर दूसरे विभागों से कोई दिक्कत थी तो इसको लेकर मुझे बताया जाता तो दूसरे विभाग के अधिकारियों को बुलाकर इसका जल्द से जल्द करवाया जा सकता था। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि कैबिनेट मंत्री बैंस द्वारा बताया गया है कि इस प्रोजेक्ट को 15 दिसंबर 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। क्या मंत्री साहब बताएंगे कि अगर यह प्रोजेक्ट 15 दिसंबर तक पूरा नहीं किया गया तो प्रोजेक्ट के ठेकेदार और नगर निगम अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पर लोकल बॉडी मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को 15 दिसंबर 2026 तक पूरा करवा कर लोगों को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर वह खुद प्रत्येक सप्ताह रिव्यू करते रहेंगे। मंत्री बैंस ने कहा कि अगर यह प्रोजेक्ट 15 दिसंबर तक पूरा नहीं होता तो संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आंगनवाड़ी केंद्रों में खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे, मजबूत होगी शिक्षा की नींव : श्रुति चौधरी

डेली आवाज भारती

'आगे बढ़े बचपन' पहल के तहत 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर चंडीगढ़। हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि बच्चों के जीवन के शुरुआती वर्ष उनके शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को खेल-खेल में सीखने के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, ताकि उनकी मजबूत नींव रखकर उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि 'आगे बढ़े बचपन' की अवधारणा के तहत बच्चों को उनकी



आयु और सीखने की क्षमता के अनुरूप रोचक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) उपलब्ध करवाई गई है, जिससे बच्चे खेल, बातचीत और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सहजता से नई बातें सीख सकें। श्रुति चौधरी ने कहा कि खेल-आधारित शिक्षण से बच्चों के भाषा और संवाद कौशल में सुधार होता है। बच्चे सुनने, बोलने, अपने विचार व्यक्त करने और दूसरों की बात समझने की क्षमता विकसित करते हैं। इसके साथ ही उनकी सोचने-समझने, याद रखने, तर्क करने तथा समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि रंगों, आकारों, गिनती, वर्गीकरण और दैनिक जीवन से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को नए कौशल सीखने का अवसर मिलता है। समूह में खेलना और गतिविधियों में भाग लेना उन्हें मिल-जुलकर रहने, अपनी बारी की प्रतीक्षा करने, दूसरों के साथ सहयोग करने तथा सामाजिक व्यवहार सीखने में मदद करता है। ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन और स्वतंत्र रूप से कार्य करने की क्षमता को भी बढ़ावा देती हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में खेल-आधारित गतिविधियां बच्चों को विद्यालय में प्रवेश के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे उनमें सीखने के प्रति रुचि विकसित होती है और वे आगे की औपचारिक शिक्षा के लिए बेहतर तरीके से तैयार होते हैं। श्रुति चौधरी ने कहा कि हर बच्चे को सीखने और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग का प्रयास है कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के लिए ऐसा आनंददायक और प्रेरणादायक वातावरण बनें, जहां वे खेलते हुए सीखें, अपनी प्रतिभा को पहचानें और आत्मविश्वास के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

CMYK

page 3_Layout 1 23-10-2026 22:05 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ›› शनिवार , 24 अक्तूबर 2026

जरूरी सूचना



लुधियाना । डेली आवाज भारती प्रबंधन की ओर से सूचित किया जाता है कि सिमरन मोंगा को कथित गलत गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद 30 जुलाई से काम से निलंबित कर दिया गया था। 30 जुलाई से सिमरन मोंगा का 'डेली आवाज भारती' और 'क्राइम आवाज इंडिया' से कोई संबंध नहीं है। यदि वह इन संस्थानों के नाम का इस्तेमाल करते हैं, तो इसकी जानकारी तुरंत प्रबंधन को दें। ऐसा पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सिमरन मोंगा द्वारा किए गए किसी भी काम की जिम्मेदारी 'डेली आवाज भारती' और 'क्राइम आवाज इंडिया' प्रबंधन की नहीं होगी। **– प्रबंधन, डेली आवाज भारती एवं क्राइम आवाज इंडिया**

एमएसएमई उद्यमियों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया

पीएचडीसीसीआई ने एमएसएमई निदेशालय हरियाणा के साथ मिलकर किया आयोजन

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के एमएसएमई निदेशालय के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के हरियाणा स्टेट चैप्टर द्वारा %रेज़गि एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस% (रैंप) कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को महत्वपूर्ण जानकारी, व्यावहारिक समझ, संस्थागत समर्थन और विकास के अवसर प्रदान करके सशक्त बनाना था, ताकि वे अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और व्यावसायिक प्रदर्शन को बेहतर कर सकें। पीएचडीसीसीआई की क्षेत्रीय निदेशक, सुश्री जिज्ञासा नरूला ने प्रतिभागियों और विशिष्ट वक्ताओं का स्वागत करते हुए जागरूकता, क्षमता निर्माण और उद्योग की भागीदारी के माध्यम से एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत करने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पहले सत्र में साइबर सुरक्षा अनुपालन और ऑडिट सलाहकार तथा %साइबर स्पलंक साइबर सिक्योरिटी% के संस्थापक तरुण मल्होत्रा ने आज के व्यावसायिक माहौल में डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व पर चर्चा की। उन्होंने सामान्य साइबर खतरों, डेटा सुरक्षा के तरीकों और एमएसएमई के लिए सुरक्षित डिजिटल संचालन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में पीएचडीसीसीआई के मुख्य अर्थशास्त्री और भारत सरकार के %डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट मिशन% के नोडल अधिकारी सनत कुमार ने निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करने के इच्छुक एमएसएमई के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी। कैनम के मानव संसाधन प्रमुख सुरिंदर कोहली ने उत्पादक, प्रेरित और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने में प्रभावी मानव संसाधन प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त किए।



इस सत्र में एमएसएमई की बदलती जरूरतों के अनुरूप प्रभावी एचआर प्रथाओं को विकसित करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। एनएसई/बीएसईआई के %सहायक कंसल्टेंट% के प्रबंध निदेशक, संदीप साहनी ने एमएसएमई के लिए वित्त जुटाने और व्यवसाय विस्तार के लिए अपने पूंजी आधार को मजबूत करने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की।

जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन फिरोजपुर पहली स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट 14 नवंबर को करेगी आयोजित

- पंजाब भर से 35 साल से लेकर 100 साल से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा : एसो.पदाधिकारी



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला मास्टर्स एथलेटिक एसोसिएशन फिरोजपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक एसोसिएशन के प्रधान डा. गुरिंदरजीत सिंह ढिल्लो, महासचिव ईश्वर दास शर्मा के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को खेलों से जोडऩे के उद्देश्य से पहली स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट का आयोजन 14 और 15 नवंबर 2026 को स्थानीय शहर के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि यह खेल मुकाबले मास्टर एथलेटिक फेडरेशन ऑफ पंजाब प्रधान राजेंद्र सिंह सिद्धवां, सचिव प्रगट सिंह गिल और चेयरमैन रजवंत सिंह घुम्मी (आफिस इंचार्ज मुख्यमंत्री पंजाब) के नेतृत्व में करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें 35 साल से लेकर 100 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। मुकाबलों का मुख्य उद्देश्य बढ़ती उम्र में भी शारीरिक तंदुरुस्ती, खेल भावना और सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

एसोसिएशन के नेताओं ने बताया कि ट्रैक इवेंट्स में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर दौड़, 3000 मीटर पैदल चाल और 5000 मीटर पैदल चाल सहित विभिन्न आयु वर्गों के लिए मुकाबले करवाए जाएंगे। इसके अलावा फील्ड इवेंट्स में लंबी कूद, ऊंची कूद, तिहरी कूद, गोला फेंक, डिस्कस फेंक, जैवलिन फेंक, हैमर थ्रो और 40 से 80 साल तक के खिलाडि़यों के लिए पोल वॉल्ट के मुकाबले भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उम्र खेलों में भाग लेने के लिए कोई बाधा नहीं है, बल्कि खेलों से जुड़े र हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है और समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बन सकता है। इस मीट के माध्यम से अनुभवी खिलाडि़यों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और युवा पीढ़ी को भी खेलों के प्रति प्रेरित किया जाएगा। एसोसिएशन की ओर से समूह खिलाडि़यों, खेल प्रेमियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों से अपील की गई है कि वह इन मुकाबलों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और मास्टर्स एथलेटिक्स को प्रोत्साहित करने में अपना योगदान दें।

पंजाब में ड्रग्स नेटवर्क पर शिकंजा!

आईपीएस अधिकारियों को मिले विशेषाधिकार, तस्करों को दिखाएंगे जेल का रास्ता

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष शक्तियां प्रदान की हैं। गृह विभाग की ओर से 21 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के तहत पुलिस कमिश्नरों और पुलिस रेंज के प्रभारियों को उनके अधिकार क्षेत्र में विशेष रूप से अधिकृत किया गया है। इसके साथ ही छह वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को उन पुलिस कमिश्नरेट, रेंज और मुख्यालय इकाइयों के लिए अधिकृत किया गया है, जहां आइजीपी रैंक का अधिकारी उपलब्ध नहीं है। इन अधिकारियों का क्षेत्राधिकार डीजीपी पंजाब प्रशासनिक स्तर पर तय करेंगे। सरकार का यह आदेश अवैध नशीले पदार्थों और मनःप्रभावी पदार्थों की तस्करी की रोकथाम अधिनियम, 1988 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत जारी किया गया है। अधिसूचना में राज्यपाल की ओर से संबंधित अधिकारियों को इस धारा के उद्देश्य से विशेष रूप से अधिकृत करने की मंजूरी दी गई है।

त्योहारों के मद्देनजर जीआरपी ने चलाया यात्री सुरक्षा एवं सर्च आप्रेशन



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): स्पैशल डीजीपी जीआरपी पटियाला व डीएसपी जोनल फिरोजपुर के दिशा निर्देशानुसार दीवाली, छट्ट पूजा के कारण ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ रही संख्या और हजूर साहिब को जाने वाली स्पैशल ट्रेन की शुक्रवार को जीआरपी फिरोजपुर ने समेत एंटी सबोताज टीम रेलवे स्टेशन फिरोजपुर छावनी के साथ यात्री सुरक्षा एवं सर्च आप्रेशन तहत प्लेटफार्मों, ट्रेनों, वेटिंग क्षेत्र, मोटरसाईकिल पार्किंग, रेलवे स्टेशन में आने और जाने वाले रास्तों, स्टेश के बाहर खड़े वाहनों की जांच की। इस दौरान कुछ शकी व्यक्तियों से पूछताछ व उनकी चैकिंग की गई, लेकिन कोई भी शकी वस्तु उनके पास नहीं पाई गई। इस दौरान यात्रियों को उनकी सुरक्षा के लिए जागरुक किया गया और अपील की गई कि किसी भी लवारिस वस्तु या शकी व्यक्ति के मिलने पर वह उसकी सूचना तुरंत जीआरपी पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

स्कूली वाहनों की चेकिंग, 4 चालान काटे

डेली आवाज भारती



मूनक/संगरूर,मोहिंदर सिंह। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशों और जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप सिंह गिल के दिशा-निर्देशों के तहत बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मूनक में स्कूली बसों की चेकिंग की गई। इस जांच अभियान के दौरान स्कूली वाहनों में सुरक्षा नियमों के पालन की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 4 चालान काटे गए। इस चेकिंग अभियान में पुलिस विभाग की ओर से सहायक सब-इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह और सहायक सब-इंस्पेक्टर राम प्रताप, शिक्षा विभाग की ओर से गुरप्रीत सिंह तथा जिला बाल सुरक्षा कार्यालय संगरूर की ओर से रुपिंदर सिंह और अमनदीप सिंह ने भाग लिया। टीम ने स्कूली वाहनों के सुरक्षा मानकों की जांच की और स्कूल प्रबंधकों व वाहन चालकों को निर्देश दिए कि बच्चों को ले जाते समय सभी जरूरी सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वाहनों में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा किट और अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप सिंह गिल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित स्कूल प्रबंधकों से स्कूली वाहनों के लिए निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ऐसे चेकिंग अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के लिए प्लेसमेंट कैंप 27 अक्टूबर को

डेली आवाज भारती

बरनाला, (गोपाल) : डिप्टी कमिश्नर बरनाला श्री हरप्रीत सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत जिले के बेरोजगार युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो बरनाला की ओर से मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के सहयोग से 27 अक्टूबर, मंगलवार को प्लेसमेंट कैंप लगाया जाएगा। यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो, दूसरी मंजिल, डीसी कॉम्प्लेक्स, बरनाला में आयोजित किया जाएगा। इस कैंप के दौरान कंपनी की ओर से आरओ फील्ड स्टाफ और टीएसओ फील्ड स्टाफ के पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए लड़के और लड़कियां दोनों आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु सीमा 18 से 36 वर्ष निर्धारित की गई है। भर्ती के लिए 12वीं पास और ग्रेजुएशन पास उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा। इन पदों के लिए अनुभवी उम्मीदवारों के साथ-साथ फ्रेशर्स को भी अवसर दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार इंटरव्यू के लिए अपना रिज्यूमे, आधार कार्ड और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्र साथ लेकर आएं। इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो बरनाला के हेल्पलाइन नंबर 94170-39072 पर संपर्क किया जा सकता है।

स्कूली विद्यार्थियों के माध्यम से पराली प्रबंधन का दिया जा रहा संदेश

धनौला स्कूल में विद्यार्थियों के पेंटिंग, लेख और भाषण मुकाबले करवाए गए

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन काली) : डिप्टी कमिश्नर बरनाला श्री हरप्रीत सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग बरनाला की ओर से धान की पराली को आग लगाने के बजाय उसके उचित प्रबंधन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत किसानों के प्रशिक्षण शिविरों, नुक्कड़ बैठकों और गांवों में जागरूकता गतिविधियों के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों को भी जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग बरनाला की ओर से सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल धनौला में विद्यार्थियों को पराली के उचित प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पेंटिंग, लेख और भाषण प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को पराली न जलाने और इसके उचित प्रबंधन के तरीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी बरनाला डॉ. सुखपाल सिंह गिल ने कहा कि पराली जलाने की समस्या के समाधान के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग जरूरी है। स्कूली विद्यार्थी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे अपने माता-पिता और आसपास के लोगों को पराली न जलाने तथा पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के माध्यम से घर-घर तक जागरूकता का संदेश पहुंचाने से इस अभियान को और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर नोडल अधिकारी (पराली प्रबंधन) श्रीमती सुनीता शर्मा ने विद्यार्थियों को कृषि मशीनरी और उसके उचित इस्तेमाल, हवा, पानी और धरती की सुरक्षा, पर्यावरण को स्वच्छ रखने, प्रत्येक घर में एक पेड़ लगाने तथा नैतिक मूल्यों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने माता-पिता को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें और पराली के उचित प्रबंधन से संबंधित जानकारी दूसरों तक भी पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन बरनाला की ओर से पराली जलाए बिना उसका उचित प्रबंधन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए लकी ड्रॉ (पराली)-2026 योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत जिला बरनाला के पात्र किसानों को पुरस्कार जीतने का अवसर दिया जा रहा है। किसानों के लिए अब 30 अक्टूबर 2026 तक पंजीकरण करवाने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि तक पंजीकरण करवाएं और आवश्यक जानकारी व दस्तावेजों के साथ अपना फॉर्म पूरा करें। उन्होंने विद्यार्थियों से भी अपील की कि वे अपने माता-पिता और किसान परिवारों तक लकी ड्रॉ योजना की जानकारी पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र किसान इस योजना का लाभ उठा सकें। स्कूल इंचार्ज श्रीमती सुखविंदर कौर ने भरोसा दिलाया कि स्कूल की सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को पराली के उचित प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के बारे में लगातार जागरूक किया जाएगा।

पंजाब-चंडीगढ़ में 2 दिन बारिश की संभावना

चंडीगढ़: पंजाब और चंडीगढ़ में शुक्रवार (23 अक्टूबर) को मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ के पूर्वानुमान के मुताबिक, आज बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि, 24 अक्टूबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के मौसम को प्रभावित कर सकता है। इसके असर से कुछ जिलों में बादल छाने और हल्की बारिश होने के आसार हैं। यह बदलाव मुख्य रूप से 24 और 25 अक्टूबर को देखने को मिल सकता है। इसके बाद 26 अक्टूबर को मौसम फिर शुष्क रहने का अनुमान है।

पुलिस ने तीन ग्राम हेरोइन के साथ एक को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान गांव सनेर के नजदीक से एक व्यक्ति को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सदर के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव सनेर के नजदीक से शक के अधार पर थोमस उर्फ बिल्ला पुत्र मुख्तैयार सिंह वासी गांव बुट्टर रोशन शाह वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में थोमस पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

नगर काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके की अगुवाई में कुराली में 8 नए ट्यूबवेल लगाने की मुहिम जारी, दूसरे ट्यूबवेल का उद्घाटन

आप सरकार शहरवासियों को बुनियादी और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है : बहादुर सिंह ओके

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया। शहरवासियों को पीने के लिए साफ और शुद्ध पानी की कमी से राहत दिलाने के लिए नगर काउंसिल की ओर से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत नगर काउंसिल के प्रधान बहादुर सिंह ओके की अगुवाई में शहर में 8 नए ट्यूबवेल लगाने की शुरू की गई मुहिम के अंतर्गत आज दूसरे नए ट्यूबवेल का उद्घाटन किया गया। यह नया ट्यूबवेल वार्ड नंबर 14 में गोहर रोड स्थित पार्क में लगाया जा रहा है। इस ट्यूबवेल के चालू होने से वार्ड नंबर 14, वार्ड नंबर 3 और वार्ड नंबर 13 के निवासियों को पीने के पानी की समस्या से काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही क्षेत्र में पानी की आपूर्ति में भी सुधार होने की उम्मीद है। इस उद्घाटन समारोह के दौरान वार्ड नंबर 13 की पार्षद डॉ. नीति कालिया, वार्ड नंबर 14 के पार्षद दिनेश गौतम, वार्ड नंबर 3 की उपप्रधान श्रीमती शमा कालिया और पूर्व पार्षद रमाकांत कालिया सहित शहरवासियों ने नगर काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके का धन्यवाद किया। शहरवासियों ने नगर काउंसिल की ओर से किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर नगर काउंसिल प्रधान बहादुर सिंह ओके ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार शहरवासियों को बुनियादी और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोगों को पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध करवाना नगर काउंसिल की प्राथमिकताओं में शामिल है। शहर में 8 नए ट्यूबवेल लगाने की मुहिम से विभिन्न वार्डों में पानी की आपूर्ति बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। नगर काउंसिल की ओर से शहरवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर पूर्व पार्षद नंदीपाल बांसल, पूर्व पार्षद वनीत कालिया, पार्षद अश्वनी शर्मा, पार्षद प्रदीप कुमार रूड़ा, बिक्रम सिंह बिक्का पडियाला, पार्षद राजेश राठौर, कमल अरोड़ा, हरीश बांसल, दिवेश सिंगला, एमई अनिल कुमार, सीवरेज बोर्ड के एसडीओ तरुण गुप्ता और जेई प्रदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

माई भारत केंद्र बरनाला की ओर से ब्लॉक स्तरीय युवा संसद का आयोजन

- नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव: आभा सोनी

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन काली) : युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन माई भारत केंद्र बरनाला की ओर से जिला युवा अधिकारी मैडम आभा सोनी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय युवा संसद का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री लाल बहादुर शास्त्री आर्य महिला कॉलेजिएट स्कूल, बरनाला में रेड रिबन क्लब और एनएसएस के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल प्रोफेसर अर्चना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। युवा संसद का मुख्य विषय ÷नशा मुक्त युवा, विकसित भारत÷ रखा गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी मैडम आभा सोनी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है, ताकि वे देश के विकास और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रोफेसर अर्चना ने माई भारत केंद्र बरनाला की इस पहल की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सरदार कृपाल सिंह गिल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें न केवल स्वयं नशे से दूर रहना चाहिए, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इस सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक करना चाहिए। उन्होंने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए खेलों से जुड़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मैडम किरण सिकरी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

page 4_Layout 1 23-10-2026 21:38 Page 1

नशे के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत फिरोजपुर के ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों में रोजगार एवं कौशल विकास संबंधी विशेष आयोजित

200 से अधिक लोगों ने लिया भाग, 35 युवाओं ने कौशल विकास पाठ्यक्रमों के लिए करवाई रजिस्ट्रेशन

डेली आवाज भारती



नशे के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत फिरोजपुर के ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अधिकारी लोगों को जागरुक करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशे के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत डिप्टी कमिश्नर श्रीमती दीपशिखा शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार जिला फिरोजपुर के 20 विभिन्न ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों में लोगों को रोजगार और कौशल विकास के अवसरों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इस अभियान को सुचारू ढंग से लागू करने के लिए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास)-कम-सी.ई.ओ, जिला रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण ब्यूरो (डी.बी.ई.ई), फिरोजपुर के दिशा-निर्देशानुसार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्लेसमेंट अधिकारी फिरोजपुर गुरजंट सिंह ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसरों और कौशल विकास पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को हुनरमंद बनाना और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करना नशे से दूर रहने के लिए भी सहायक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अरइयां वाला, दोना मत्तड़, गट्टी मत्तड़, बस्ती झावला, बस्ती डेरायां वाली, हरदासा, कस्सोआना घल्लखुर्द और बजीदपुर सहित विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में शिविर लगाए जा चुके हैं। इन शिविरों में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया है, जबकि 35 युवाओं ने कौशल विकास पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि जिला रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण ब्यूरो द्वारा युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए ऐसे प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, ताकि वह अपने भविष्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ नशा मुक्त समाज के निर्माण में भी योगदान दे सकें।

रोपड़ : मुख्य बाजार के गोदाम में लगी भीषण आग

1 करोड़ से ज्यादा का सामान जलकर राख

डेली आवाज भारती



रोपड़। पंजाब के रोपड़ के मुख्य बाजार में शुक्रवार तड़के एक व्यापारी के गोदाम में भीषण आग लगने से भारी नुकसान हो गया। आग की चपेट में आने से दरियां, मैट, समारोहों में इस्तेमाल होने वाला सामान और दिवाली के लिए मंगवाया गया नया स्टॉक जलकर राख हो गया। इस घटना में एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 16 गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया और आसपास की दुकानों को इसकी चपेट में आने से बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह मुख्य बाजार स्थित प्रवीण कुमार सिंगला के गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम में बड़ी मात्रा में दरियां, मैट और अन्य सामान रखा हुआ था। इसके अलावा दिवाली के लिए नया माल भी मंगवाया गया था, जो आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया। आग तेजी से फैलने के कारण गोदाम में रखा सामान बचाने का मौका नहीं मिल सका। आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मुख्य बाजार की संकरी सड़कों के कारण दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में परेशानी हुई। वहीं, दुकानों के शेड और बाहर निकले छज्जों की वजह से भी राहत कार्य प्रभावित हुआ। गोदाम में प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील सामग्री मौजूद होने के कारण आग बुझाने में अधिक समय लगा।

अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) पल्लवी मिश्रा, आई.ए.एस. की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

जिले में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 2249 हुई

डेली आवाज भारती



अमृतसर/केएस बेदी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाताओं को सुविधाजनक चुनावी सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा मतदान केंद्रों के युक्तिकरण (रैशनलाइजेशन) के संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) पल्लवी मिश्रा, आई.ए.एस. की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और चुनाव अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित की गई है। मतदान केंद्रों के युक्तिकरण की प्रस्तावित प्रक्रिया के बाद जिले में मतदान केंद्रों की कुल संख्या बढ़कर 2249 हो गई है, जबकि पहले यह संख्या 2240 थी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 11-अजनाला में मतदान केंद्रों की संख्या 206 से बढ़कर 208 हो गई है। इसी प्रकार 14-जंडियाला (अनुसूचित जाति) में यह संख्या 217 से बढ़कर 218, 15-अमृतसर उत्तरी में 215 से घटकर 204, 16-अमृतसर पश्चिमी (अनुसूचित जाति) में 231 से बढ़कर 241, 20-अटारी (अनुसूचित जाति) में 209 से बढ़कर 215 तथा 25-बाबा बकाला (अनुसूचित जाति) में 240 से बढ़कर 241 हो गई है। विधानसभा क्षेत्र 12-राजा सांसी, 13-मजीठा, 17-अमृतसर केंद्रीय, 18-अमृतसर पूर्वी और 19-अमृतसर दक्षिणी में मतदान केंद्रों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जिले में 9 नए मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि 14 मतदान केंद्रों का विलय किया गया है। इसके अतिरिक्त, कुछ मतदान केंद्रों के भवनों में भी बदलाव किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 12-राजा सांसी के 4, 16-अमृतसर पश्चिमी (अनुसूचित जाति) के 6 तथा 17-अमृतसर केंद्रीय के 5 मतदान केंद्रों के भवनों को मौजूदा भवनों की स्थिति और मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बदला गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण की पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी ढंग से पूरी की जाए। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मतदाताओं की सुविधा सुनिश्चित करना और मतदाता सूचियों को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाए रखना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के महत्वपूर्ण आधार हैं।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में शोध पद्धतियों पर छह दिवसीय कोर्स शुरू

■ डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और शोध के नैतिक पहलुओं पर रहेगा विशेष फोकस

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व तथा विश्वविद्यालय अधिकारियों के प्रोत्साहन एवं सहयोग से विश्वविद्यालय के यू.जी.सी.-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में 'डिजिटल युग में शोध पद्धतियां- तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नैतिक प्रक्रियाओं का एकीकरण' विषय पर छह दिवसीय कोर्स शुरू हुआ। यह कोर्स श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित है। उद्घाटन सत्र में डॉ. सुरिंदर सिंह कुकल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि अकादमिक मामलों के डीन प्रो. (डॉ.) हरविंदर सिंह सैनी ने सत्र की अध्यक्षता की। इस अवसर पर एम.एम.टी.टी.सी. के निदेशक प्रो. (डॉ.) बलविंदर सिंह, उप-निदेशक डॉ. रेखा हांडा और कोर्स समन्वयक प्रो. सनेहदीप कौर भी उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. (डॉ.) हरविंदर सिंह सैनी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए मानवीय बुद्धि, सोचने-समझने की क्षमता और विश्लेषणात्मक योग्यता को और मजबूत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक सफल शिक्षक और शोधकर्ता के रूप में पहचान बनाने के लिए लगन, निरंतर मेहनत और नैतिक नियमों का पालन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. (डॉ.) बलविंदर सिंह ने अकादमिक शोध और विश्लेषण के क्षेत्र में हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रतिभागियों को नई तकनीकों से जुड़ने और अपने कौशल को समय के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में तकनीक के सही उपयोग के साथ-साथ शोधकर्ता की अपनी सोच, विश्लेषण करने की क्षमता और विषय की गहरी समझ भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोर्स समन्वयक प्रो. सनेहदीप कौर ने कोर्स की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि इसके दौरान विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शोध पद्धतियों, डिजिटल साधनों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नैतिक प्रक्रियाओं से जुड़े विषयों पर सत्र आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बहुविषयक कोर्स का मुख्य उद्देश्य तकनीक और आधुनिक शोध पद्धतियों को अकादमिक एवं व्यावसायिक कार्यों के साथ जोड़ना है।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में 'शौर्य रन-2026' के तहत 5 किलोमीटर दौड़ का आयोजन

डेली आवाज भारती



अमृतसर,के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में फिट इंडिया अभियान और नशा विरोधी अभियान के तहत 5 किलोमीटर की मिनी मैराथन आयोजित की गई। श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित इस दौड़ का नाम 'शौर्य रन-2026' रखा गया। इसका आयोजन 1 पंजाब बटालियन एन.सी.सी., अमृतसर द्वारा कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जी.पी. सिंह के नेतृत्व और एसोसिएट एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. (लेफ्टिनेंट) अनिल कुमार की देखरेख में किया गया। सुबह 7 बजे शुरू हुई इस दौड़ में 150 से अधिक विद्यार्थियों और एन.सी.सी. कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थी कल्याण के डीन प्रो. (डॉ.) सतनाम सिंह देओल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि सी.ई.टी. विभाग के प्रो. (डॉ.) संदीप शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रो. देओल ने नियमित शारीरिक व्यायाम, अनुशासन और नशे की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और देश के वीर नायकों की बहादुरी, समर्पण तथा बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया, जिसके बाद प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय परिसर में निर्धारित 5 किलोमीटर का मार्ग पूरा किया। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में एन.सी.सी. कैडेटों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पंजीकरण, दौड़ प्रतिभागियों के नंबर वितरित करने, मार्ग व्यवस्था, प्रतिभागियों की सहायता और जलपान सहित विभिन्न प्रबंधकीय जिम्मेदारियां संभालीं।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की प्रायोगिक परीक्षाएं 2 नवंबर से

अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर से संबंधित बी.ए./बी.एससी. प्रथम, तृतीय और पांचवें सेमेस्टर के सभी विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं 2 नवंबर, 2026 से शुरू हो रही हैं। परीक्षा विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. कमलेश गुलेरिया ने बताया कि जिन निजी परीक्षार्थियों ने कोई प्रायोगिक विषय लिया हुआ है, उन्हें सूचित किया जाता है कि वे 2 नवंबर, 2026 से पहले https://col-legeadmissions.gndu.ac.in/loginNew.asp& पर लॉग-इन करके अपनी प्रायोगिक परीक्षा की तिथि, परीक्षा केंद्र और समय संबंधी जानकारी डाउनलोड कर लें।

भारत की कृषि गाथा का नया रूप: परिवर्तन का एक दशक



श्रीशिवराजसिंहचौहान

जब माननीय प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में पदभार संभाला, तब कृषि और किसान कल्याण को भारत के विकास एजेंडे के केंद्र में रखा गया। वर्ष 2015 से यह प्रतिबद्धता उत्पादन और कृषि आय में सुधार से आगे बढ़कर कृषि क्षेत्र को अधिक उत्पादक, सुदृढ़, प्रौद्योगिकी-आधारित और टिकाऊ बनाने के व्यापक परिवर्तन में परिलक्षित हुई है। प्रधानमंत्री ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि फविकसित भारत के लिए भारतीय कृषि का भी विकास होना चाहिए।फ उन्होंने यह भी आह्वान किया है कि भारत केवल अपनी खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि वैश्विक खाद्य आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरे। लाल बहादुर शास्त्री के फजय जवान, जय किसानफ और अटल बिहारी वाजपेयी के फजय विज्ञानफ के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री ने देश को फजय अनुसंधानफ का मंत्र दिया। इस मंत्र के माध्यम से उन्होंने अनुसंधान और नवाचार को भारत की कृषि के भविष्य के केंद्र में स्थापित किया। ये शब्द केवल नीतिगत दिशा का वक्तव्य नहीं थे, बल्कि एक व्यावहारिक दृष्टि के परिचायक थे, जिसकी दूरदर्शिता और विवेक की पुष्टि एक दशक बाद सामने आए साक्ष्यों से स्पष्ट रूप से हुई।

खाद्य सुरक्षा से कृषि के नए प्रतिमान तक : यह विजन भारतीय कृषि को देखने के हमारे दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। हरित क्रांति ने भारत को खाद्य सुरक्षा प्रदान की। आज हमारी जिम्मेदारी पोषण सुरक्षा, किसानों की समृद्धि, संसाधन सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता की मजबूत नींव तैयार करना है। भारत की कृषि यात्रा उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरी रही है। कभी खाद्य आयात पर निर्भर रहने वाला भारत कुछ ही दशकों में प्रमुख अनाजों के मामले में आत्मनिर्भर बन गया। हरित क्रांति को विज्ञान, उन्नत बीजों, सिंचाई, बुनियादी ढांचे, संस्थागत ऋण, कृषि विस्तार सेवाओं और नीतिगत सहायता से गति मिली। इससे यह सिद्ध हुआ कि जब वैज्ञानिक क्षमता और राजनीतिक प्रतिबद्धता किसी राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एक साथ आती हैं, तो क्या कुछ अर्जित किया जा सकता है। लेकिन कृषि को अतीत की प्राथमिकताओं तक सीमित नहीं रखा जा सकता। किसानों की आकांक्षाएं बदल गई हैं, नागरिकों के उपभोग के तौर-तरीके बदल गए हैं, बाजार बदल गए हैं और जलवायु भी बदल रही है।

व्यापक आधार पर कृषि विकास का एक दशक : इसलिए वर्ष 2015 से जारी परिवर्तन महत्वपूर्ण है। वर्ष 1995-96 और 2014-15 को संरचनात्मक बदलाव के महत्वपूर्ण पड़ाव माना गया है, क्योंकि ये भारतीय कृषि के विकास के अलग-अलग चरणों को दर्शाते हैं। पहला चरण आर्थिक उदारीकरण के क्रमिक प्रभाव, बाजारों के साथ बढ़ते एकीकरण, बदलते उपभोग पैटर्न और अनाज उत्पादकता वृद्धि की धीमी गति को दर्शाता है। दूसरा चरण सिंचाई के विस्तार, डिजिटल प्लेटफॉर्म, बाजार सुधारों तथा स्थिरता और जलवायु अनुकूलन पर बढ़ते ध्यान से प्रेरित अधिक विविधीकृत, प्रौद्योगिकी-सक्षम और सुदृढ़ कृषि प्रणाली के उभार का संकेत देता है। कृषि विकास की औसत दर 1967-1995 के दौरान लगभग 2.7 प्रतिशत और 1996-2014 के दौरान लगभग ×.0 प्रतिशत थी। यह 2015-2025 के दौरान बढ़कर लगभग 4.5 प्रतिशत हो गई (खाद्यान्न उत्पादन में 8.4 मिलियन टन प्रतिवर्ष, फल एवं सब्जियों में 7.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष तथा दूध में भी अ'छी वृद्धि दर्ज की गई। पिछले दो वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन में असाधारण वृद्धि दर्ज की गई, जो प्रति वर्ष 22.1 मिलियन टन रही और पिछले वर्षों की तुलना में बहुत अधिक है। यह उपलब्धि केंद्र और रा'यों के बीच बेहतर समन्वय, कार्यक्रमों के प्रभावी संयोजन, जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के अंगीकरण, लक्षित निवेश और किसानों को बढ़े हुए समर्थन के संयुक्त प्रभाव को दर्शाती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह वृद्धि अब व्यापक आधार पर हो रही है और इसे केवल अनाज ही नहीं, बल्कि बागवानी, डेयरी, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन तथा अन्य उ'च-मूल्य वाले कार्यकलापों से भी बल मिल रहा है। यही कृषि भारत के विकास के अगले चरण को गति देगी।

हमारा उद्देश्य अब केवल अधिक उत्पादन तक सीमित नहीं होना चाहिए। हमें कम संसाधनों—कम पानी, कम भूमि, कम ऊर्जा और अनावश्यक कृषि आदानों के कम उपयोग—के साथ अधिक उत्पादन करना होगा, साथ ही बेहतर गुणवत्ता वाला, सुरक्षित और अधिक पौष्टिक खाद्य तैयार करना होगा। भारत में उपभोग के बदलते स्वरूप से भी इसका स्पष्ट संकेत मिलता है। ग्रामीण भारत में 1972-7× में खाद्य व्यय का लगभग 57 प्रतिशत हिस्सा अनाज पर खर्च होता था; 2022-2× तक यह घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गया। इसी अवधि में दूध और दुग्ध उत्पादों, फलों, सब्जियों, अंडों, मांस और मछली का हिस्सा लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर करीब 48 प्रतिशत हो गया। शहरी क्षेत्रों में भी उपभोग का रुझान इसी तरह बदला है। हमारी कृषि को इस नए भारत की आवश्यकताओ के अनुरूप ढलना होगा। इसका अर्थ है दलहनों तिलहनों, फलों, सब्जियों, डेयरी, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन और अन्य उ'च-मूल्य वाली कृषि उपज पर अधिक ध्यान देना। इसका अर्थ खाद्य सुरक्षा की सीमित अवधारणा से आगे बढ़कर पोषण सुरक्षा की दिशा में बढ़ना भी है। किसानों को उन मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ना आवश्यक है, जहां वास्तविक आर्थिक अवसर तेजी से ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, लॉजिस्टिक्स और निर्यात में केंद्रित हो रहे हैं।

किसान-केंद्रित विकास की व्यवस्था तैयार करना : भारत सरकार ने इस बदलाव के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जल के कुशल उपयोग को बढ़ावा दे रही है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड पहल ने मिट्टी की जांच और संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन को कृषि संबंधी निर्णयों के केंद्र में रखा है। पीएम-कुसुम कृषि को नवीकरणीय ऊर्जा से जोड़ रही है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) सामूहिक उपज-संग्रह और सौदेबाजी की क्षमता को सुदृढ़ कर रहे हैं। ई-नाम कृषि बाजारों को डिजिटल रूप से जोड़ रहा है, जबकि कृषि अवसंरचना कोष, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना और पीएमएफएमई फसल कटाई के बाद की अवसंरचना और प्रसंस्करण को मजबूत कर रहे हैं। अब इन पहलों को बीज से मिट्टी तक, खेत से बाजार तक और प्रयोगशाला से आजीविका तक एकीकृत किसान-केंद्रित मूल्य श्रृंखला में समाहित करना होगा।इस परिवर्तन में प्रौद्योगिकी की भूमिका केंद्रीय होगी। भारतीय कृषि अनुसंधान अब केवल उपज बढ़ाने के पारंपरिक उद्देश्य तक सीमित नहीं है। वर्ष 2014 से 2025 के बीच फसलों की ×,2×6 किस्में जारी की गईं, जबकि 200× से 2014 के दौरान यह संख्या 1,540 थी। हाल के वर्षों में जारी की गई किस्मों के बड़े हिस्से को जलवायु के प्रति अधिक सहिष्णु बनाने पर ध्यान दिया गया है और जैव-सुदृढ़ीकरण पर भी अधिक जोर दिया जा रहा है। इसलिए अगली कृषि क्रांति उत्कृष्टता, लचीलेपन और ज्ञान की क्रांति होनी चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रिमोट सेंसिंग, ड्रोन, जीनोमिक्स, जैव-प्रौद्योगिकी, डिजिटल परामर्श प्रणालियां और भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियां किसानों को बुवाई, सिंचाई, पोषक तत्वों, कीटों, मौसम और बाजारों के बारे में बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकती हैं। डिजिटल कृषि पहल, एग्रीस्टैक और एआई-सक्षम परामर्श मंच कृषि सेवाओं को अधिक लक्षित और सुलभ बना सकते हैं। हालांकि, प्रौद्योगिकी तभी परिणाम देगी, जब वह किसान तक सरल, किफायती और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पहुंचेगी।

प्रयोगशाला से अंतिम मील तक : अनुसंधान और कृषि विस्तार की भूमिका इसलिए और भी महत्वपूर्ण हो गई है। कृषि अनुसंधान में निवेश किया गया प्रत्येक रुपया पर्याप्त आर्थिक लाभ उत्पन्न करता है, जबकि कृषि विस्तार वैज्ञानिक ज्ञान को खेतों में व्यावहारिक सुधारों में बदलता है। हमें अपनी प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों, स्टार्टअप, निजी नवप्रवर्तकों और किसानों के बीच संबंध सुदृढ़ करने होंगे। इसके साथ ही हमें संसाधनों से जुड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा। भारत जल, उर्वरक, ऊर्जा और भूमि के उपयोग को लगातार बढ़ाकर कृषि उत्पादन का विस्तार नहीं कर सकता। भूजल का क्षरण, मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट, जलवायु में अस्थिरता और चरम मौसमी घटनाएं एक नए उत्पादन प्रतिमान की मांग करती हैं। साक्ष्य दर्शाते हैं कि कृषि विकास के हाल के चरण में अधिक उत्पादकता के साथ अधिक स्थिरता भी आई है। इससे विविधीकरण, संसाधनों के कुशल उपयोग, जोखिम प्रबंधन और जलवायु-सहनशीलता का बढ़ता महत्व स्पष्ट होता है। इसीलिए स्थिरता कोई पर्यावरणीय विलासिता नहीं, बल्कि किसान की आर्थिक आवश्यकता है।

हमारी नीतियों को पानी, पोषक तत्वों और ऊर्जा की प्रत्येक इकाई के कुशल उपयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए। अनुसंधान में जलवायु-अनुकूल किस्मों, पानी और पोषक तत्वों का कुशल उपयोग करने वाली फसलों, मृदा जीवविज्ञान में सुधार, एकीकृत कीट प्रबंधन, संरक्षण कृषि और सटीक कृषि को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दलहनों और तिलहनों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि उनकी उत्पादकता बढ़ाना भारत की पोषण संबंधी और आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के लिए अनिवार्य है।

कुशल बाजार और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं : कुशलता से उत्पादन करने वाले किसान को अपनी उपज लाभकारी मूल्य पर बेचने का अवसर भी मिलना चाहिए। कृषि उत्पादन के साथ-साथ कृषि बाजारों, भंडारण, कोल्ड चेन, लॉजिस्टिक्स, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण और डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी विकास होना चाहिए। कृषि उत्पादन के विस्तार और शीघ्र नष्ट होने वाली उपज के विविधीकरण से कुशल सामूहिक संग्रह और बाजार संपर्क की नई आवश्यकताएं पैदा हुई हैं। किसान समूह, सहकारी संस्थाएं और एफपीओ लेन-देन की लागत घटाकर, सौदेबाजी की क्षमता बढ़ाकर और किसानों को संगठित मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़कर परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकते हैं। भारत को मंडी से आगे बढ़कर विश्व बाजार की ओर देखना होगा।

हमारा लक्ष्य भारतीय कृषि उत्पादों को ऐसी गुणवत्ता, अनुरेखणीयता, सुरक्षा और ब्रांड पहचान प्रदान करना होना चाहिए, जिन्हें विश्व स्तर पर मान्यता मिले। अगले चरण में किसानों को केवल घरेलू उपभोक्ताओं से ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मूल्य श्रृंखलाओं से भी जोड़ना होगा। इससे रोजगार सृजित होंगे, ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा और कृषि से उत्पन्न मूल्य का अधिक हिस्सा ग्रामीण भारत में ही रह सकेगा। हालांकि, यह परिवर्तन केवल केंद्र सरकार के प्रयासों से संभव नहीं है। कृषि एक साझा राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। रा'यों, स्थानीय सरकारों, अनुसंधान संस्थानों, एफपीओ, सहकारी संस्थाओं, निजी उद्यमों, वित्तीय संस्थानों और नागरिक समाज को मिलकर काम करना होगा। भविष्य में कृषि, जल, ऊर्जा, खाद्य प्रसंस्करण, पोषण, जलवायु, व्यापार और ग्रामीण विकास के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। यहीं सहकारी संघवाद की भावना महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत की कृषि-पारिस्थितिक विविधता के लिए ऐसे समाधानों की आवश्यकता है, जिनका क्रियान्वयन स्थानीय स्तर पर हो, लेकिन विजन राष्ट्रीय हो। विकसित कृषि से विकसित भारत तक की यात्रा का आकलन केवल उत्पादित टन के आधार पर नहीं, बल्कि किसानों के जीवन की गुणवत्ता से किया जाएगा। समृद्ध किसान समृद्ध ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव है। गतिशील कृषि सुदृढ़ खाद्य प्रणालियों का आधार है। और प्रतिस्पर्धी कृषि मूल्य श्रृंखला वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारत की आधारशिला है। इसलिए हमें इस प्रश्न से आगे बढ़ना होगा कि फहम कितना उत्पादन कर सकते हैं?फ और यह पूछना होगा कि फहम कितनी दक्षता, टिकाऊपन और लाभप्रदता के साथ उत्पादन कर सकते हैं?फ

हरित क्रांति ने भारत के खाद्य भविष्य को सुरक्षित किया। कृषि के अगले परिवर्तन को भारत की समृद्धि, पोषण, प्राकृतिक संसाधनों और वैश्विक नेतृत्व को सुरक्षित करना होगा। माननीय प्रधानमंत्री ने देश को स्पष्ट दिशा दी है कि भारतीय कृषि विकसित भारत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बने। हमारा दायित्व है कि विज्ञान, नवाचार, अवसंरचना, बाजार, संस्थानों और सबसे बढ़कर प्रत्येक कृषि नीति के केंद्र में भारतीय किसान को रखकर इस विजन को कार्यरूप दें। विकसित भारत 2047 की ओर बढ़ते हुए किसान केवल विकास का लाभार्थी न रहे, बल्कि भारत के विकसित भविष्य का निर्माता भी बने। भारत को अब कृषि में इसी परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना है और 2047 के भारत की नींव इसी पर टिकेगी।

(लेखक भारत सरकार में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री हैं। लेख में व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं।)

CMYK

page 5_Layout 1 23-10-2026 19:39 Page 1

जिला भाषा कार्यालय ने आयोजित की पंजाबी साहित्य सृजन और कविता गायन प्रतियोगिता

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार के मार्गदर्शन में भाषा विभाग पंजाब के निर्देशक स.जसविंदर सिंह जफर के निर्देशानुसार जिला भाषा अधिकारी डा.जगदीप सिंह संधू के संरक्षण में श्री गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल फिरोजपुर छावनी में शुक्रवार को जिला फिरोजपुर के सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी स्कूलों के छात्रों के लिए पंजाबी साहित्य सृजन और कविता गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिला भाषा अधिकारी डा.जगदीप सिंह संधू ने जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों की साहित्यिक और कलात्मक रुचियों में प्रगति लाना है। साहित्य सृजन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने मौके पर दिए गए विषय पर कविता, कहानी और लेख लिखे। कविता सृजन के लिए विषय 'वृक्ष' और कहानी सृजन के लिए विषय 'संस्कृति और रिश्ते' तथा लेख सृजन के लिए विषय 'नशा' दिया गया। उन्होंने बताया कि काव्य-सृजन प्रतियोगिताओं में पहला स्थान गुरप्रीत कौर (स.स.स.स. माना सिंह वाला), दूसरा स्थान मुस्कानदीप कौर (स.ह.स गुदड़पंज गराई) और तीसरा स्थान नवदीप कौर (गुरु नानक पब्लिक स.स.स शकूर) ने प्राप्त किया।

कहानी सृजन प्रतियोगिताओं में पहला स्थान गुरप्रीत कौर (स.ह.स वाहे वाला), दूसरा स्थान नवनीत कौर (स.ह.स वाड़ा भाई का) और तीसरा स्थान हरप्रीत कौर (स.ह.स वाड़ा भाई का) ने प्राप्त किया। लेख सृजन प्रतियोगिताओं में पहला स्थान हरमनवीर कौर (देव समाज ए.वी स.स.स फिरोजशाह), दूसरा स्थान किरत (स.ह.स मंसूरदेवा) और तीसरा स्थान दिनेश (श्री गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, फिरोजपुर छावनी) ने प्राप्त किए। प्रतियोगिताओं के दूसरे चरण में कविता गायन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढे र भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में पहला स्थान गुरलीन कौर (स.ह.स मंसूर देवा), दूसरा स्थान अर्शदीप (स.स.स.स बग्गे के पिप्पल) और तीसरा स्थान संदीप कौर (स.स.स.स खाई फेमे की) ने प्राप्त किया। इस अवसर पर हौसला बढ़ाने वाले सम्मान के रूप में शगुन (स.ह.स वाहे वाला), मुस्कान (पी.एस श्री स.ह.स पीर इस्माइल खान) और राजविंदर कौर (एस.ओ.ई स.स.स मल्लांवाला खास) को भाषा विभाग, पंजाब की पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला भाषा अधिकारी डा.जगदीप सिंह संधू ने कहा कि साहित्य मनुष्य को मनुष्य बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है और ऐसे साहित्यिक और कलात्मक प्रयास छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अपनी आंतरिक कलात्मक प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए अपने स्व के प्रकटीकरण का खुलकर प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल फिरोजपुर छावनी की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष स.सतेंद्रजीत सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए ऐसे कलात्मक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

संयुक्त किसान मोर्चा ने डी.सी कार्यालय फिरोजपुर के समक्ष किया रोष प्रदर्शन

- अब लूट नहीं सेवा होगी, सुधर गई है पूरी व्यवस्था, बिल्डिंग पर आया 8.55 करोड़ रुपये का खर्चा

डेली आवाज भारती



संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर तले धरना देते हुए किसान और अपना मांगपत्र अधिकारियों को सौंपते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर सजा देने और एस.आई.आर (वोटर सूचियों की विशेष गहरी सुधाई) की प्रक्रिया को तुरंत बंद करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से डिप्टी कमिश्नर कार्यालय फिरोजपुर के समक्ष रोष प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर किसान नेताओं ने कहा कि वोटर सूचियों की सुधाई की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से होनी चाहिए, ताकि किसी भी योग्य नागरिक को अपने वोट के अधिकार से वंचित न किया जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट का अधिकार बेहद महत्वपूर्ण है और इस अधिकार की रक्षा करना सरकार व चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। किसान नेताओं ने मांग की कि एस.आई.आर की प्रक्रिया को तुरंत बंद किया जाए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से बर्खास्त कर सजा दी जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि लोगों की इन मांगों को अनसुना किया गया तो संघर्ष को और तेज किया जाएगा। किसान नेताओं ने सभी लोगों को लोकतंत्र और वोट के अधिकार की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील भी की। इस मौके पर परमजीत सिंह भुल्लर बीकेयू सिद्धूपुर, गुरमीत सिंह पोजोके क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब बुट्टर, गुरदित्त सिंह कुल हिंद किसान सभा, गुरदीप सिंह बीकेयू पंजाब, दलविंदर सिंह शेरखां क्रांतिकारी किसान यूनियन पंजाब, अवतार सिंह बीकेयू राजेवाल और अमनदीप सिंह वेरका मिल्क प्लांट फिरोजपुर ने संबोधित किया।

उच्च प्रशासनिक सेवाओं के लिए चयनित 11 सिख छात्रों को कल शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा

डेली आवाज भारती



अमृतसर, केएसबेदी : उच्च प्रशासनिक सेवाओं के लिए यूपीएससी प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 11 सिख छात्रों को कल, 24 अक्टूबर को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह अमृतसर स्थित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के मुख्यालय में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिरोमणि समिति के सचिव एस. बलविंदर सिंह कहलवान ने बताया कि शिरोमणि समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता हरजिंदर सिंह धामी ने उच्च प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं में सफल सिख छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की थी, जिसे शिरोमणि समिति की आंतरिक समिति ने मंजूरी दे दी है। इसी के तहत यह सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि समिति की यह पहल सिख युवाओं को सिख सिद्धांतों के अनुसार प्रशासनिक सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की जा रही है।

जालंधर में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, 26 साल के युवक की मौत; दोस्त गंभीर घायल

जालंधर। जालंधर के शाहकोट-जालंधर नेशनल हाईवे पर मलसीयां के पास एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 26 साल के लवप्रीत सिंह की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त राजनप्रीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, मृतक का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक कार में शाहकोट से नकोदर जा रहे थे। मलसीयां से आगे कार चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक अंदर फंस गए।



जीरकपुर के भबात स्थित जरनेल एन्क्लेव-2 में नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई

नियमों के विपरीत बने अतिरिक्त हिस्से और छज्जे गिराए





डेली आवाज भारती

जीरकपुर: तरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर के भबात क्षेत्र स्थित जरनेल एन्क्लेव-2 में नियमों के विपरीत किए जा रहे अवैध निर्माण पर नगर परिषद ने सख्त कार्रवाई की है। शुक्रवार को नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) परविंदर सिंह भट्टी के आदेश पर विशेष टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से मकान के अवैध रूप से बनाए गए अतिरिक्त हिस्से को जमींदोज कर दिया। इसके अलावा, नियमों के विपरीत निकाले गए छज्जों को भी तोड़ दिया गया। नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार, उक्त मकान में स्वीकृत नक्शे के विपरीत बड़े पैमाने पर निर्माण किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को एटीपी सरबजीत सिंह और बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ के नेतृत्व में टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और तुरंत तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया।

नियमों के विपरीत निर्माण न करने की सख्त अपील

कार्रवाई के दौरान बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित मकान का नक्शा केवल ढाई मंजिल तक ही पास किया गया था। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर अतिरिक्त निर्माण किया जा रहा था, जिसकी शिकायत मिलने के बाद नगर परिषद की ओर से यह कार्रवाई की गई है। एटीपी सरबजीत सिंह और बिल्डिंग इंस्पेक्टर अजय बराड़ ने क्षेत्र के लोगों से पुरजोर अपील की है कि वे भवन निर्माण करवाते समय विभाग द्वारा स्वीकृत नक्शे का ही पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों के विपरीत जाकर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त निर्माण या अवैध कब्जा करने से बचें। अधिकारियों ने दो टूक कहा कि भविष्य में भी भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभाग की ओर से इसी तरह की सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

चंडीगढ़ बैरियर के नजदीक पीडब्ल्यूडी का 600 मीटर लंबा ओवरपास महज चार साल में हुआ बदहाल

डेली आवाज भारती

जगह-जगह बने गड्ढे, हादसे का डर



जीरकपुर: तरनप्रीत सिंह गिल: चंडीगढ़ बैरियर के नजदीक पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से करीब साढे 7 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए करीब 600 मीटर लंबे ओवरपास की हालत महज चार साल में ही बदहाल हो गई है। ओवरपास की सड़क पर दोनों तरफ जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और हर वक्त हादसों का खतरा बना रहता है। हैरानी की बात यह है कि विभाग द्वारा कई बार सड़क की मरम्मत करवाई जा चुकी है, लेकिन कुछ समय बाद ही सड़क दोबारा टूट जाती है और जानलेवा गड्ढे उभर आते हैं। ओवरपास से गुजरने वाले तेज रफ्तार वाहनों के अचानक गड्ढों में जाने से उनके क्षतिग्रस्त होने का खतरा रहता है। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी ज्यादा जोखिम भरी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार बाइक सवार गड्ढों के कारण संतुलन खोकर सड़क पर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। बीते बुधवार को भी गड्ढों के कारण एक दोपहिया वाहन चालक गिर गया, जिससे उसकी गर्दन में तेज झटका लगा। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है और उन्होंने जल्द सड़क की सुध लेने की मांग की है।

चार साल में कई बार टूटी सड़क, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरपास को बने अभी बमुश्किल चार साल ही हुए हैं, लेकिन इसकी परतें बार-बार उखड़ रही हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बार-बार खानापूर्ति के तौर पर पैचवर्क करवाया जाता है, लेकिन समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोग होने वाली सामग्री पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी की गई है। उन्होंने मांग की है कि उच्चाधिकारियों को इस पूरे मामले की गहन जांच करानी चाहिए ताकि सरकारी धन की बर्बादी रोककर जनता को राहत दी जा सके।

पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के बीच हैंडओवर की प्रक्रिया उलझी

ओवरपास की इस दुर्दशा के बीच इसकी देखभाल और मरम्मत की जिम्मेदारी को लेकर विभागों के बीच पेंच फंसा हुआ है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, इस ओवरपास का निर्माण उन्होंने करवाया था, लेकिन अब इसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सौंपने की प्रक्रिया चल रही है। विभाग द्वारा इस संबंध में एनएचएआई को लिखित पत्र भी भेजा जा चुका है। अधिकारियों का कहना है कि ओवरपास के दोनों तरफ की स्लिप रोड एनएचएआई को हैंडओवर की जा चुकी हैं, जबकि मुख्य ओवरपास का हस्तांतरण होना अभी बाकी है। इस तकनीकी पेंच के कारण आम जनता पिस रही है।

जालंधर में ऑटो चालक की लापरवाही! स्कूल जा रहे दो बच्चों को कुचला

- सीसी फुटेज के आधार पर हादसे में ऑटो चालक की लापरवाही का दावा

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर वेस्ट हलके में स्कूल जा रहे दो बच्चों के साथ सड़क हादसे की घटना सामने आई है। आरोप है कि ऑटो चालक की लापरवाही के चलते दोनों बच्चे ऑटो की चपेट में आ गए। हादसे में बड़ी लड़की को चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज भी सामने आई है, जिसमें हादसे का पूरा घटनाक्रम दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर हादसे में ऑटो चालक की लापरवाही सामने आने का दावा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, दो बच्चे पैदल स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान वे सड़क पर खड़े एक ऑटो के पास से गुजरे। बच्चों के कुछ कदम आगे निकलने के बाद ही ऑटो चालक ने वाहन चलाना शुरू कर दिया। आरोप है कि चालक ने बच्चों की ओर ध्यान नहीं दिया और दोनों ऑटो के नीचे आ गए। ऑटो चालक ने बच्चों को निकालने के लिए वाहन पीछे करने की कोशिश की, लेकिन दोनों बच्चे ऑटो के टायर में फंसे हुए थे। लोगों ने ऑटो को तिरछा कर बच्चों को बाहर निकाला। इस हादसे में लड़की को चोटें आई हैं।

ऑटो चालकों की लापरवाही पर उठे सवाल

इस घटना के बाद ऑटो चालकों की लापरवाही को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हादसे की ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज में देखा जा सकता है कि दोनों बच्चे पैदल स्कूल जा रहे हैं। वे ऑटो के पास से गुजरते हैं और कुछ कदम आगे पहुंचते ही चालक ऑटो चलाना शुरू कर देता है। इसी दौरान दोनों बच्चे वाहन की चपेट में आ जाते हैं। लोगों का कहना है कि कई बार चालक बिना आसपास देखे ऑटो मोड़ देते हैं या चलाना शुरू कर देते हैं, जिससे सड़क पर चल रहे लोगों और दूसरे वाहनों के लिए हादसे का खतरा बढ़ जाता है।

14 वर्षीय किशोरी लापता, युवक पर शादी का झांसा देकर ले जाने का आरोप

डेली आवाज भारती



जीरकपुर। प्रीत कॉलोनी से 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने एक युवक पर उसकी बेटी को शादी कराने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर जीरकपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह प्रीत कॉलोनी में परिवार के साथ रहती है और कोठियों में साफ-सफाई का काम करती है। उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो लड़के और एक लड़की है। उसकी सबसे बड़ी बेटी की उम्र करीब 14 वर्ष है और वह छठी कक्षा तक पढ़ी है। महिला के अनुसार, 17 अक्टूबर 2026 को शाम करीब सात बजे उसकी बेटी घर से चली गई। वह अपने पिता का मोबाइल फोन भी साथ ले गई थी। काफी देर तक बेटी के वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। महिला ने रिश्तेदारों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। महिला ने पुलिस को बताया कि बाद में उसे पता चला कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद का रहने वाला कमल, जो फिलहाल जीरकपुर की प्रीत कॉलोनी में रहता है, उसकी बेटी को शादी कराने का झांसा देकर अपने साथ ले गया है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल एससी-एसटी हब ने आयोजित किया उद्यमी जागरूकता एवं विशेष वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम

डेली आवाज भारती



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल एससी-एसटी हब की तरफ से आयोजित उद्यमी जागरूकता एवं विशेष वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए अधिकारी व अन्य।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल एससी-एसटी हब ने दि एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (उत्तर क्षेत्र) के सहयोग से शुक्रवार को होटल ग्रे हाइट्स धवन कॉलोनी, फिरोज़पुर (पंजाब) में उद्यमी जागरूकता एवं विशेष वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेशनल एससी-एसटी हब योजना सहित भारत सरकार के एमसएमई मंत्रालय की विभिन्न पहलों के बारे में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का लक्ष्य मौजूदा और इच्छुक उद्यमियों में एनएसएसएच योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, ताकि केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को सार्वजनिक खरीद नीति के अंतर्गत अनिवार्य खरीद पूरी करने में सुविधा हो सके। मौजूदा और इच्छुक, दोनों प्रकार के उद्यमियों को हस्सा योजना तथा रूरूरूश्व मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की व्यापक जानकारी प्राप्त हुई। इच्छुक उद्यमियों को अपने उद्यमों को औपचारिक रूप देने के लिए उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण के महत्व के बारे में विशेष रूप से बताया गया, जबकि मौजूदा उद्यमियों को वेंडर पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़ों, लीएलईएल द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं, ई-टेंडरिंग प्रक्रिया, ऋण सुविधा के विकल्पों तथा व्यवसाय के विस्तार और निरंतरता के लिए बैंकों के माध्यम से उपलब्ध सब्सिडी घटकों की विस्तृत जानकारी दी गई। फिरोज़पुर जिले और उसके आस-पास के क्षेत्रों से 100 से अधिक मौजूदा और इच्छुक एससी-एसटी उद्यमियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में साहिल शर्मा, वरिष्ठ प्रशिक्षकचंडीगढ़; आलोक मिश्रा सहायक प्रबंधक नंगल, राहुल सिंह, डिपो प्रबंधक फिरोज़पुर, अनमोल दीपक, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, फिरोज़पुर, चरण्या अम्बाती उप महाप्रबंधक पावरग्रिडजम्मू; प्रतीक कटारिया एवं हर्ष धवन उपस्थित रहे।

बलटाना में सैलून की दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल हुई चोरी

जीरकपुर। बलटाना में सैलून की दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। बाइक मालिक रामलीला देखने गया था। रात करीब डेढ़ बजे वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवक ने बताया कि वह बलटाना स्थित हरि कृष्णा एन्क्लेव में रहता है और वहां सैलून की दुकान चलाता है। उसके पास स्प्लेंडर मोटरसाइकिल है, जो उसके पिता के नाम पर पंजीकृत है। 14 अक्टूबर को उसने बाइक दुकान के बाहर खड़ी की और रामलीला देखने चला गया। रात करीब 1:30 बजे वापस आने पर बाइक वहां नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। शिकायतकर्ता के अनुसार, 23 अक्टूबर को तीन अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल पर भबात क्षेत्र में घूमते देखे गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 23-10-2026 17:01 Page 1

हर औरत के अंदर एक ऐसी ताकत होती है, जिससे वह खुद भी अनजान होती है:

'प्रताप' में पूनम के किरदार में नजर आएंगी


ईशा देओल



मुंबई। ईशा देओल, फिल्म 'प्रताप' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। प्रदीप रंगवानी और यूवी फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत इस आगामी एक्शन ड्रामा के निर्माताओं ने ईशा देओल का कैरेक्टर पोस्टर जारी किया है, जिसमें वह पूनम के किरदार में नजर आ रही हैं। पूनम की कहानी जीवन में आने वाले अप्रत्याशित मोड़ों, आत्मखोज और मुश्किल हालात में सामने आने वाली अंदरूनी ताकत को दर्शाने का वादा करती है। पूनम के लिए उसका परिवार ही उसकी पूरी दुनिया है और उसने अपनी जिंदगी उन रिश्तों और विश्वास के आधार पर बनाई है, जो उसके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। लेकिन तब क्या होता है, जब जिस सच्चाई पर उसने हमेशा भरोसा किया, वही बिखरने लगती है? ऐसे हालात का सामना करते हुए, जो उसके विश्वास और सोच को चुनौती देते हैं, पूनम को अपने पैरों पर खड़े होकर उस ताकत को पहचानना होगा, जिससे वह अब तक अनजान थी। हालांकि, उसके सफर से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन उसका किरदार एक ऐसे भावनात्मक बदलाव की ओर इशारा करता है, जो उसकी अब तक की पहचान से कहीं आगे जाती है। ईशा देओल का यह कैरेक्टर पोस्टर हाल ही में जारी किए गए फिल्म के मोशन पोस्टर के बाद सामने आया है, जिसमें अमित साध एक जांबाज एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के किरदार में नजर आए हैं, जो खुद कानून के दूसरी तरफ खड़ा हो जाता है। सत्ता, न्याय और अपने फैसलों के परिणामों की पड़ताल करती 'प्रताप' की कहानी में जहाँ व्यक्तिगत संघर्षों के साथ-साथ हाई-स्टेक्स ड्रामा भी देखने को मिलेगा, वहीं, पूनम का सफर फिल्म की कहानी में एक मजबूत भावनात्मक पहलू जोड़ता है। सचिन सराफ के लेखन और निर्देशन में बनी इस फिल्म में अमित साध और ईशा देओल के अलावा तिग्मांशु धूलिया, सीमा बिस्वास और मिलिंद गुणाजी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर 26 अक्टूबर, 2026 को रिलीज किया जाएगा। प्रदीप रंगवानी और यूवी फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का म्यूजिक यूवी म्यू िक पर रिलीज होगा। 'प्रताप' 20 नवंबर, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन शेयर कर खुश हुईं मिर्ना मेनन, बोलीं- सुपरस्टार नहीं, जमीन से जुड़े इंसान हैं

डेली आवाज भारती



मुंबई। अभिनेत्री मिर्ना मेनन इन दिनों रजनीकांत स्टारर फिल्म 'जेलर 2' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने शुक्रवार को बताया कि ऋतिक रोशन उनके बचपन के क्रश थे। दरअसल, रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' में मेनन ने ऋतिक रोशन के साथ काम किया है। अभिनेत्री मिर्ना मेनन ने इंस्टाग्राम पर ऋतिक रोशन के साथ तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने अभिनेता के साथ काम करने के अनुभव को शेयर किया। उन्होंने लिखा, ÷बचपन का क्रश, हीरो, जिसे मैं हमेशा से बहुत पसंद करती आई हूं और अब उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का यह अविश्वसनीय एहसास। अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'जेलर-2' में ऋतिक रोशन के साथ काम करना वाकई बहुत खास था और सुपरस्टार के पीछे के इंसान को जानना इसे और भी खूबसूरत बना गया। वह शानदार, प्यारे, विनम्र और जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं। उनके लिए मेरा प्यार और सम्मान और भी बढ़ गया है। कुछ पल जिंदगी में सिर्फ एक बार आते हैं। यह उन्हीं में से एक है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने 'रॉडी' नाम का एक दमदार कैमियो (विशेष भूमिका) निभाया है। वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर एंट्री करते हैं और टाइगर मुथुवेल पांडियन (रजनीकांत) की मदद के लिए आते हैं, जब उनके परिवार को खतरा होता है। वहीं, मिर्ना मेनन ने इस फिल्म में रजनीकांत के किरदार (मुथुवेल पांडियन) की बहू की भूमिका निभाई है, जिसे उन्होंने पिछली फिल्म 'जेलर' (2023) से आगे बढ़ाया है। नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म 'जेलर 2' में सुपरस्टार रजनीकांत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में रजनीकांत के अलावा, मोहनलाल, शिवा राजकुमार, विद्या बालन, मिथुन चक्रवर्ती, विजय सेतुपति भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म ने रिलीज के शुरुआती दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की है। दर्शकों का कहना है कि रजनीकांत की फिल्म ने उन्हें एक मिनट भी बोर होने नहीं दिया और वह चाहते हैं कि इस तरह की फिल्में सिनेमाघरों में आनी चाहिए।

'कांतारा: चैप्टर 1' फेम रुक्मिणी वसंत की नई फिल्म का ऐलान

'थारा' के किरदार में आएंगी नजर

डेली आवाज भारती



चेन्नई। फिल्म 'कांतारा- चैप्टर 1% में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगी। शुक्रवार को फिल्म के मेकर्स ने रुक्मिणी का अपनी टीम में स्वागत करते हुए उनके किरदार की जानकारी दी। वह डायरेक्टर श्री कार्तिक की अगली फिल्म में थारा का किरदार निभाएंगी। अभी फिल्म के नाम का ऐलान नहीं किया गया है। इस फिल्म में रुक्मिणी लीड रोल में होंगी और उनके साथ देव रामनाथ और विनायक वैथियानाथन भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। डायरेक्टर श्री कार्तिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, %%ईश्वर के आशीर्वाद से बेहद टैलेंटेड कलाकार रुक्मिणी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। एक मजेदार, रोमांचक और दिल को छू लेने वाली फिल्म आने वाली है। ओके ओका जीवितम की तरह यह फिल्म भी हमेशा आपके दिलों में रहेगी। उन्होंने पोस्ट में रुक्मिणी को टैग करते हुए फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया। यह पहली बार होगा जब रुक्मिणी वसंत और डायरेक्टर श्री कार्तिक किसी फिल्म में साथ काम करेंगे। फिल्म का निर्माण मैडबॉयज एंटरटेनमेंट और सिरुनी सिने कॉर्पोरेशन मिलकर कर रहे हैं, जबकि साईकृष्णा गडवाल इसके को-प्रोड्यूसर हैं। इससे पहले श्री कार्तिक फिल्म %कानम% के जरिए चर्चा में आए थे। इस फिल्म में टाइम ट्रैवल जैसे अनोखे कॉन्सेप्ट को मां और बेटे के भावनात्मक रिश्ते के साथ जोड़ा गया था। अब वह एक नए प्रोजेक्ट के साथ लौट रहे हैं, जिसमें अलग-अलग कलाकारों और क्रिएटिव टीम के साथ एक नई कहानी पेश करने की तैयारी है। मेकर्स ने रुक्मिणी के किरदार थारा का परिचय एक अनाउंसमेंट वीडियो के जरिए कराया। इस वीडियो में श्री कार्तिक, देव रामनाथ और विनायक वैथियानाथन थारा के किरदार को फाइनल करने की कोशिश करते नजर आते हैं। इसी बीच अचानक एक नोटिफिकेशन आता है, जो तीनों को चौंका देता है। इसके बाद रुक्मिणी वसंत की एंट्री होती है और दर्शकों को उनके किरदार की पहली झलक देखने को मिलती है।

बर्लिन से टोरंटो तक पहुंची श्वेता त्रिपाठी की फिल्म

कहा- प्रोड्यूसर बनने के बाद कहानी को देखने का बदला नजरिया

डेली आवाज भारती



मुंबई। एक्ट्रेस श्वेता त्रिपाठी इन दिनों अपनी फिल्म मुझे जान ना कहो मेरी जान को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और मार्केट तक ले जा रही हैं। इस साल की शुरुआत में बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल से सफर शुरू करने वाली उनकी बतौर प्रोड्यूसर पहली फीचर फिल्म अब टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2026 तक पहुंच गई है। श्वेता का कहना है कि प्रोड्यूसर बनने के बाद कहानी को देखने का उनका नजरिया बदल गया है। अब वह सिर्फ फिल्म बनाने की प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि यह भी सोचती हैं कि फिल्म किन लोगों तक पहुंचेगी और इसके जरिए किस तरह की बातचीत शुरू हो सकती है। श्वेता ने कहा, आप जिस फिल्म पर भरोसा करते हैं, उसे किसी इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म तक ले जाना अपने आप में खास होता है। खासकर तब, जब बतौर प्रोड्यूसर यह आपकी पहली फीचर फिल्म हो। बर्लिन से टोरंटो तक का सफर मेरे लिए बेहद खास रहा है, क्योंकि इस दौरान मुझे मुझे जान ना कहो मेरी जान को एक अलग तरीके से पेश करने का मौका मिला। उन्होंने आगे कहा, जब आप फिल्म को बनाने की प्रक्रिया से आगे बढ़कर देखते हैं, तो आपके मन में यह सवाल आने लगते हैं कि फिल्म किन लोगों तक पहुंचेगी, इसके जरिए किस तरह की बातचीत शुरू हो सकती है और आगे इसके लिए क्या-क्या संभावनाएं हैं। यह मेरे लिए सीखने का शानदार अनुभव रहा है और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि इस सफर का फिल्म के लिए क्या मतलब निकलता है।

दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट रद्द होने पर कुनिका सदानंद ने कहा- सरकार को जरूर कोई सूचना मिली होगी



मुंबई। अभिनेत्री कुनिका सदानंद ने गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के दिल्ली कॉन्सर्ट रद्द होने पर अपनी बात रखी। उनका कहना है कि सरकार को किसी तरह की सूचना मिली होगी तभी गायक का कॉन्सर्ट रद्द किया गया है। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कलाकारों की सिक्योरिटी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, हमारे देश में, खासकर कलाकारों को सिक्योरिटी की जरूरत तो है ही, क्योंकि आप देख रहे हैं कि आए दिन किसी न किसी सेलेब्रिटी के साथ घटनाएं हो रही हैं। अगर सिक्योरिटी की वजह से दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट रद्द किया गया है, तो प्रशासन को जरूर कुछ जानकारी मिली होगी। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि उन्हें कॉन्सर्ट रद्द होने के पीछे की वजह नहीं पता है। उन्होंने कहा, ÷मुझे नहीं पता है कि इस कॉन्सर्ट को किसने रद्द किया है। सरकार की तरफ से किया गया है या फिर दिलजीत दोसांझ की तरफ से किया गया है। अगर सरकार ने किया है, तो उनके पास कोई न कोई सूचना तो होगी, जिस वजह से उन्होंने सेफ्टी की वजह से ऐसा किया है। बता दें कि गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ का दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 30 अक्टूबर 2026 को होने वाला %ऑरा इंडिया टूर% कॉन्सर्ट दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों और अनुमति नहीं मिलने के कारण रद्द कर दिया है। दिल्ली पुलिस के साउथ डिस्ट्रिक्ट के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) के कार्यालय ने टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म बुक माय शो को पत्र भेजकर इस कार्यक्रम को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। दरअसल, पुलिस ने कॉन्सर्ट रद्द करने के पीछे की वजह सुरक्षा खतरों से जुड़े इनपुट, त्योहारों के सीजन की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों का हवाला दिया है। इससे पहले यह शो 1 नवंबर को होने वाला था, लेकिन 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सांसद विक्रमजीत साहनी की अपील पर इसे बदलकर 30 अक्टूबर किया गया था, जिसे अब पुलिस की अनुमति नहीं मिलने से रद्द करना पड़ा है।

2027: यास आइलैंड, अबू धाबी में लौटेगा सितारों का जलवा, सलमान खान से वरुण धवन तक सजेगी महफिल

मुंबई। भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा वैश्विक उत्सव IIFA (इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी) एक बार फिर सितारों, संगीत और मनोरंजन का शानदार संगम लेकर लौट रहा है। IIFA वीकेंड एंड अवॉर्ड्स के 27वें संस्करण यानी IIFA 2027 का आयोजन 22 और 23 जनवरी को अबू धाबी के यास आइलैंड स्थित एतिहाद एरिना में होगा। मुंबई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस आयोजन की तैयारियों और स्टार्स की लाइनअप का ऐलान किया गया।

आयोजकों के मुताबिक, इस बार भी दुनिया भर के दर्शकों को भारतीय सिनेमा का भव्य अनुभव देखने को मिलेगा। IIFA लगातार 26 वर्षों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और उनकी वैश्विक लोकप्रियता का जश्न मनाता आ रहा है। यास आइलैंड पर होने वाला यह आयोजन अबू धाबी और भारतीय मनोरंजन जगत के बीच मजबूत होते रिश्तों को भी दर्शाता है। टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है और दुनियाभर के प्रशंसक इस आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। करण जौहर, वरुण धवन और अनन्या पांडे करेंगे होस्ट IIFA अवॉर्ड्स 2027 की मेजबानी करण जौहर, वरुण धवन, मनीष पॉल और अनन्या पांडे करेंगे। वहीं, मंच पर सलमान खान, शाहिद कपूर, करीना कपूर खान, जाह्नवी कपूर, रश्मिका मंदाना और नोरा फतेही अपनी शानदार परफॉर्मेंस से समां बांधेंगे। इस बार IIFA डिजिटल अवॉर्ड्स भी खास आकर्षण होंगे। इनकी मेजबानी अभिनेता पंकज त्रिपाठी, अली फजल और अभिषेक बनर्जी करेंगे। डिजिटल अवॉर्ड्स समारोह में मशहूर गायक हिमेश रेशमिया और सुनिधि चौहान अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इस तरह IIFA 2027 में फिल्मों के साथ-साथ डिजिटल एंटरटेनमेंट की दुनिया को भी खास जगह दी जाएगी। चौथी बार यास आइलैंड पर होगा IIFA IIFA 2027 लगातार चौथी बार अबू



धाबी के यास आइलैंड पर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन अबू धाबी के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग और मिरल के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाएगा। अबू धाबी के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के पर्यटन महानिदेशक सालेह मोहम्मद अल गेजिरी ने कहा कि IIFA भारतीय सिनेमा के सबसे प्रभावशाली वैश्विक आयोजनों में से एक है। इसकी वापसी भारत और अबू धाबी के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को मजबूत करती है और शहर की वैश्विक मनोरंजन एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में पहचान को आगे बढ़ाती है। मिरल की मार्केटिंग, कम्युनिकेशन और इवेंट्स की कार्यकारी निदेशक तगरीद अलसईद ने भी IIFA की वापसी पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा की ऊर्जा और रचनात्मकता यास आइलैंड को वैश्विक मनोरंजन स्थल के रूप में और मजबूत करेगी। Sobha Realty और IIFA की साझेदारी 2027 तक बढ़ी IIFA और Sobha Realty ने अपनी साझेदारी को 2027 तक जारी रखने की घोषणा की है। यह दोनों के सहयोग का चौथा वर्ष होगा। Sobha Realty, IIFA वीकेंड और IIFA डिजिटल अवॉर्ड्स की प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर के रूप में जुड़ी रहेगी। इस साझेदारी के जरिए कंपनी अबू धाबी में अपनी मौजूदगी और Sobha City Abu Dhabi को वैश्विक दर्शकों के सामने पेश करेगी। Sobha Realty के ग्रुप चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर आशीष पारख ने कहा कि IIFA केवल अवॉर्ड्स का मंच नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विविधता का वैश्विक उत्सव है।

उन्होंने डिजिटल मनोरंजन और नई तकनीकों के साथ इसके विस्तार को भी अहम बताया। इसके अलावा ORN.COM इस आयोजन का को-पावर्ड बाय स्पॉन्सर होगा, जबकि ZEE Entertainment Enterprises Limited लगातार तीसरे वर्ष IIFA का आधिकारिक ब्रॉडकास्टिंग पार्टनर बनेगा। पहली बार YouTube पर दुनिया भर में लाइव स्ट्रीम होंगे IIFA अवॉर्ड्स IIFA 2027 की सबसे बड़ी घोषणाओं में से एक YouTube के साथ रणनीतिक साझेदारी है। इसके तहत IIFA अवॉर्ड्स का प्रसारण दुनिया भर में YouTube पर भी किया जाएगा। यह स्ट्रीमिंग टेलीविजन प्रसारण के साथ एक ही समय पर उपलब्ध होगी। इस साझेदारी के तहत दर्शकों को मुख्य समारोह के अलावा पर्दे के पीछे की झलकियां, वीडियो ऑन डिमांड (VOD), YouTube Shorts और खास डिजिटल कार्यक्रम भी देखने को मिलेंगे।

'IIFA Uncut', ग्रीनरूम कंटेंट और IIFA YouTube Creator Club जैसे कार्यक्रमों के जरिए प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारों को करीब से जान सकेंगे। YouTube के डिजिटल क्रिएटर्स को IIFA के दौरान आयोजित YouTube Creator Collective में शामिल होने और बैकस्टेज कंटेंट तैयार करने का अवसर भी मिलेगा। आयोजन से जुड़ी सामग्री की शुरुआत हिंदी और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में होगी।

CMYK

page 7_Layout 1 23-10-2026 22:06 Page 1

दिल्ली में बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास SIR के खिलाफ प्रदर्शन

'ज्ञानेश कुमार गद्दी छोड़ो' के नारे; पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली में बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास स्ट्रक्र (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के विरोध में सैकड़ों लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारी उनके पोस्टर लेकर पहुंचे और 'ज्ञानेश कुमार गद्दी छोड़ो' के नारे लगाए। यह प्रदर्शन 'पीपल अगेंस्ट SIRÓ और छात्र संगठन AISA की ओर से आयोजित किया गया है। प्रदर्शनकारियों की योजना बंगला साहिब गुरुद्वारे से मार्च निकालकर चुनाव आयोग के कार्यालय तक पहुंचने की थी, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही उन्हें रोक लिया और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं प्रकाश राज और प्रशांत भूषण इस विरोध प्रदर्शन में अर्थशास्त्री परकला प्रभाकर, अभिनेता प्रकाश राज और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के भी शामिल होने की संभावना जताई गई है। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य SIR प्रक्रिया का विरोध करना और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाना है।

दिल्ली पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने यातायात संबंधी एडवाइजरी जारी की है। पुलिस के अनुसार, बंगला साहिब गुरुद्वारे और जंतर-मंतर के आसपास बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। इसके चलते आसपास की सड़कों पर यातायात प्रभावित हो सकता है और लंबा जाम लगने की आशंका है। पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे इन इलाकों में आवागमन के दौरान संभावित ट्रैफिक बाधाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

उमराह के लिए गए तीर्थयात्री सुरक्षित भारत लौटे, बाकी लोगों की मदद की जा रही है: किरेन रिजिजू

नई दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि उमराह के लिए गए जो तीर्थयात्री वहां फंस गए थे, वे सुरक्षित भारत लौट आए हैं। उन्होंने बताया कि बाकी तीर्थयात्रियों की भी मदद की जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय नागरिकों की समस्याओं और चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार हमेशा तत्पर रहती है। एक्स पर साझा किए गए एक बयान में रिजिजू ने सऊदी अरब के रियाद में भारतीय दूतावास और जेद्दा में वाणिज्य दूतावास में स्थापित 24×7 कंट्रोल रूम के संपर्क विवरण भी दिए। रिजिजू ने लिखा कि सरकार भारतीय नागरिकों की समस्याओं और चिंताओं को लेकर हमेशा सक्रिय रहती है। फंसे हुए उमराह यात्री सुरक्षित भारत लौट आए हैं। इसके अलावा, 10,000 से अधिक सामान्य उमराह यात्री भी पहले ही भारत लौट चुके हैं। जो उमराह यात्री अभी भी वहां हैं, उनकी मदद की जा रही है। इससे पहले गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने बताया कि सऊदी अरब के रियाद में भारतीय दूतावास और जेद्दा में वाणिज्य दूतावास, प्रभावित यात्रियों की जल्द वापसी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एयरलाइंस और टूर ऑपरेटरों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

न्युवोको विस्टास के मुनाफे में 78% की बढ़ोतरी, 411 करोड़ रुपए पर पहुंचा एबिटिडा

- दूसरी तिमाही में सीमेंट बिक्री 9% बढ़कर 4.7 एमएमटी हुई, राजस्व में 13.5% का इजाफा

डेली आवाज भारती

पानीपत। निर्माण सामग्री क्षेत्र की प्रमुख कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है। 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में कंपनी का कर के बाद मुनाफा (पीएटी) सालाना आधार पर 78% बढ़कर 65 करोड़ रुपए हो गया। वहीं, कंपनी का एबिटिडा 11% की वृद्धि के साथ 411 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी ने 2,790 करोड़ रुपए का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 13.5त्न अधिक है। कंपनी ने जुलाई से सितंबर 2026 के दौरान 4.7 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) सीमेंट की बिक्री की। यह पिछले साल की समान तिमाही से 9त्न अधिक है। कंपनी के मुताबिक, प्रमुख बाजारों में अनियमित और तेज बारिश, लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन में व्यवधान और वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण परिचालन लागत पर दबाव रहा। इसके बावजूद कंपनी राजस्व और मुनाफे में बढ़ोतरी करने में सफल रही। कंपनी ने तिमाही के दौरान गुजरात के सूरत स्थित लिमला सीमेंट प्लांट में 2 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) क्षमता वाली ग्राइंडिंग इकाई शुरू की है। इससे पश्चिमी भारत में कंपनी की मौजूदगी मजबूत होगी और बाजार की मांग पूरी करने में मदद मिलेगी। कंपनी अब कच्छ और सचाना में वदराज सीमेंट परियोजना के शेष चरणों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर ध्यान दे रही है। न्युवोको के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद कंपनी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रीमियम उत्पादों की बिक्री बढ़ाने और विभिन्न भौगोलिक बाजारों में कारोबार के संतुलन को बेहतर बनाने की रणनीति से फायदा हुआ है। इससे सीमेंट की कीमतों में सीमित तेजी के बावजूद बिक्री से होने वाली आय को बेहतर बनाए रखने में मदद मिली।

प्रदूषण फैलाने वाले वाहन सड़क पर न लाएं, सरकार के प्रयासों में सहयोग करें : मनजिंदर सिंह सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को लोगों से अपील की है कि जब तक ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-1) लागू है, तब तक लोग प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सड़क पर न निकालें और सरकार के प्रयासों में सहयोग करें। दिल्ली सरकार के मंत्री सिरसा ने आईएएनएस से कहा कि स्थिति अच्छी नहीं है। दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) अभी करीब 250 के आसपास है और ग्रैप-1 की पाबंदियां लागू हैं। इन पाबंदियों के बावजूद अभी तक कोई बड़ा सुधार नहीं हुआ है। सबसे बड़ी चुनौती बिगड़ता मौसम है। आज भी कोहरा दिखाई दिया और यह धुंध में बदल सकता है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, ‘मैं सभी दिल्ली वासियों से प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में साथ आने की अपील करना चाहता हूं। कृपया अपने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को सड़कों पर न निकालें। खासकर दोपहिया वाहन बिना वैध पीयूसी सर्टिफिकेट के पेट्रोल पंप पर जा रहे हैं और वहां बहस हो रही है।

जम्मू-कश्मीर : सेना ने पुंछ के सलानी इलाके में आतंकवादियों के दो ठिकाने नष्ट किए

डेली आवाज भारती


गोला-बारूद बरामद



पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियानों के बीच, भारतीय सेना ने मेंढर सब-डिवीजन के सलानी इलाके में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और अन्य सामग्री बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार, 156 टेरिटोरियल आर्मी से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर, 6 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के तहत स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स (37 आरआर) ने सलानी के कसबालारी गांव के आसपास के इलाके में एक सर्च ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन के दौरान, सेना को कई संदिग्ध चीजें मिलीं। इनमें भूरे टेप से लिपटे हुए छह कंटेनर और नीले टेप से लिपटा हुआ एक कंटेनर शामिल हैं, जिनके आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) होने का संदेह है। इसके अलावा, एक काला बैग, एक कॉम्बैट पाउच, लोहे का एक काला डिब्बा (जिसके मैगजीन कंटेनर होने का शक है), और 7.62 एमएम लाइट मशीन गन (एलएमजी) की एक मैगजीन भी बरामद हुई है। साथ ही, इलाके से एक एल्युमिनियम कंटेनर, दो पावर एडेप्टर, एक पावर सोर्स और एक टिफिन भी मिले हैं। यह बरामदगी ऐसे समय में हुई है, जब सीमावर्ती जिले पुंछ में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा अभियान चल रहे हैं। बीते दिन 22 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा उप-मंडल की पुलिस ने आतंकी पोस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने एक अन्य आपराधिक मामले में तीन आरोपियों की संपत्तियां जब्त की थीं। पुलिस ने बताया था कि हंदवाड़ा पुलिस ने हंदवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सार्वजनिक स्थान पर देश-विरोधी और भड़काऊ पोस्टर लगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके तहत हंदवाड़ा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के दौरान इस साजिश में %ओवर ग्राउंड वर्कर्स% (ओजीडब्ल्यू) और अन्य लोगों की संदिग्ध संलिप्तता सामने आई है। मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। इस अपराध से जुड़े पूरे नेटवर्क का पता लगाने और इसमें शामिल सभी व्यक्तियों की अलग-अलग भूमिकाओं को स्पष्ट करने के लिए आगे की जांच चल रही है।

डेटा लीक पर एसबीआई ने जारी किया बयान, 'ग्राहक का फंड पूरी तरह सुरक्षित'

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने शुक्रवार को साइबर हमले में डार्क वेब पर 3,897 ग्राहकों के डेटा लीक पर बयान जारी कर कहा है कि इसमें ग्राहकों के खातों में जमा राशि (फंड) में कोई नुकसान नहीं हुआ है। एसबीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा, हाल ही में हुई साइबर घटना के संबंध में हमारी पिछली पोस्ट के बाद, बैंक ने उन सभी ग्राहकों को ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए अलग से सूचित कर दिया है, जिनका डेटा इस घटना से प्रभावित हुआ है। साथ ही कहा, हम फिर से स्पष्ट करते हैं कि आपके खाते की शेष राशि और फंड हमारे पास सुरक्षित हैं। बैंक ने ग्राहकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग तौर-तरीके अपनाने, अपना ओटीपी, पिन या पासवर्ड कभी किसी के साथ साझा न करने और संदिग्ध कॉल, मैसेज व ईमेल को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। यह बयान ऐसे समय पर सामने आया है, जब इस हफ्ते की शुरुआत में भारत के सबसे बड़े बैंक ने स्पष्ट किया कि उसके यहां डेटा लीक हुआ है, जिसमें 3,897 ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर पब्लिश हो गया है। हफ्ते की शुरुआत में, बैंक ने बताया कि उसे अपने थ्रेट इंटेलिजेंस सर्विस प्रोवाइडर, डिफेंस साइबर एजेंसी और सीईआरटी-इन से ग्राहकों के डेटा के संभावित रूप से लीक होने के संबंध में एक अलर्ट मिला है। बैंक ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि डार्क वेब पर मौजूद लगभग 3,75,000 रिकॉर्ड्स के शुरुआती विश्लेषण के दौरान, 3,897 ऐसे ग्राहक रिकॉर्ड मिले हैं जिनमें उनकी निजी पहचान से जुड़ी जानकारी शामिल है।

बैंक के अनुसार, लीक हुई जानकारी में ग्राहकों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, जन्म तिथि, नाम, लिंग, ईमेल पते, घर के पते, ब्रांच और सीआईएफ आइडेंटिफायर, लीड आईडी और लोन या लीड रिकॉर्ड से जुड़े मेटाडेटा तथा अन्य संबंधित फाइलें शामिल हैं। सरकारी बैंक ने बताया कि उसने तुरंत अपने साइबर इंसिडेंट रिस्पॉन्स और कंटेनमेंट प्रोटोकॉल को सक्रिय कर दिया है।

अदाणी पावर की कमाई में शानदार उछाल, दूसरी तिमाही में मुनाफा 141 प्रतिशत बढ़कर 7,019 करोड़ रुपए हुआ

अहमदाबाद। देश की सबसे बड़ी निजी थर्मल पावर उत्पादक कंपनी अदाणी पावर ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही (क्यू2) में शानदार वित्तीय नतीजे दर्ज किए हैं। कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ (पीएटी) सालाना आधार पर 141.5 प्रतिशत बढ़कर 7,019.32 करोड़ रुपए पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह 2,906.46 करोड़ रुपए था। कंपनी की कुल आय में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी तिमाही में कुल राजस्व 39.4 प्रतिशत बढ़कर 19,950.60 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 14,307.79 करोड़ रुपए था। इसी दौरान ईबीआईटीडीए 45.7 प्रतिशत बढ़कर 8,743.22 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। संचालन आधारित प्रदर्शन की बात करें तो परिचालन से राजस्व 29.8 प्रतिशत बढ़कर 17,014.06 करोड़ रुपए रहा, जबकि निरंतर परिचालन ईबीआईटीडीए 18.5 प्रतिशत बढ़कर 6,320.97 करोड़ रुपए हो गया।

मोस्ट-वांटेड माओवादी दंपती मंगल और मालती ने कोलकाता पुलिस प्रमुख के सामने आत्मसमर्पण किया

डेली आवाज भारती



कोलकाता। पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्य झारखंड में वांछित माओवादी दंपती मंगल और मालती ने शुक्रवार को लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त अजय के. नंद के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के दौरान, उन्होंने पुलिस को एक एके-47 और एक इंसास राइफल भी सौंपी। पुलिस के अनुसार, मंगल और मालती दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। मंगल पश्चिम मेदिनीपुर के सालबोनी से है, जबकि मालती झारग्राम जिले के गोपीबल्लभपुर से है। हालांकि, उनकी माओवादी गतिविधियां मुख्य रूप से झारखंड तक ही सीमित थी और वे कभी-कभार ही पश्चिम बंगाल आते थे। मंगल सबसे पहले झारखंड के दलमा इलाके में और बाद में सारंडा इलाके में माओवादी गतिविधियों में शामिल हुआ। मालती, मंगल के बाद वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी और शुरुआत से ही उसकी भूमिका मुख्य रूप से झारखंड तक ही सीमित रही। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों के लगातार दबाव के कारण माओवादियों ने इस साल की शुरुआत में झारखंड के सारंडा वन क्षेत्र को छोड़ना शुरू कर दिया था। वहां उनके लिए काम करना मुश्किल हो गया था। सुरक्षा बलों की सूची में पश्चिम बंगाल के लगभग 13 माओवादी थे, जिन्हें समय-समय पर गिरफ्तार कर लिया गया। हाल ही में झारखंड में तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक वांछित माओवादी नेता पुष्पा ने कुछ महीने पहले कोलकाता में आत्मसमर्पण कर दिया था। अब, मंगल और मालती ने भी कोलकाता पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। अधिकारियों ने मंगल पर 5 लाख रुपए और मालती पर 2 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। आत्मसमर्पण के बाद मीडिया से बात करते हुए, कोलकाता पुलिस प्रमुख अजय के. नंद ने बताया कि मंगल 2010 के आसपास माओवादी आंदोलन से जुड़ा था और 2011-12 के बाद झारखंड चला गया था। वह दिवंगत माओवादी नेता कोटेश्वर राव उर्फ किशनजी का करीबी माना जाता था, जो नवंबर 2011 में एक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। आत्मसमर्पण के अपने फैसले के बारे में बताते हुए मंगल ने कहा कि उसे एहसास हो गया था कि सशस्त्र संघर्ष से सामाजिक बदलाव नहीं लाया जा सकता। उसने कहा कि हम दोनों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। इसीलिए हम यहां आए और आत्मसमर्पण कर दिया।

राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ सकती है, लेकिन ईरान को रोकना भी जरूरी: ट्रंप

डेली आवाज भारती



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि ईरान के खिलाफ आगे भी सैन्य कार्रवाई संभव है, हालांकि उन्होंने यह भी माना कि इस युद्ध का असर आगामी कांग्रेस चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को राजनीतिक नुकसान के रूप में झेलना पड़ सकता है। जब उनसे पूछा गया कि इस संघर्ष का चुनावी अभियान पर क्या असर पड़ा है, तो ट्रंप ने कहा कि इस मुद्दे पर अमेरिकी जनता की राय बंटी हुई है। युद्ध का असर आने वाले कांग्रेस चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को राजनीतिक रूप से झेलना पड़ सकता है, लेकिन उन्हें परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना जरूरी था। ट्रंप ने वाशिंगटन से रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, ÷एक तरह से लोग इसे पसंद करते हैं क्योंकि मैं वही कर रहा हूं जो पहले के राष्ट्रपतियों को बहुत पहले कर देना चाहिए था। दूसरी तरफ, कुछ लोग शायद इसे पसंद न करें। उन्होंने कहा, इसके लिए एक राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ सकती है और मुझे यह बात तभी समझ आ गई थी जब मैंने यह फैसला लिया। लेकिन हम ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दे सकते। हालांकि ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या वह किसी नए सैन्य अभियान पर विचार कर रहे हैं, संभावित टारगेट कौन हो सकते हैं या ऐसा कदम कब उठाया जा सकता है।

उन्होंने कहा, ईरान युद्ध में हमने उन्हें काफी बड़ा नुकसान पहुंचाया है और हो सकता है कि हम आगे भी कुछ और करें। उनका यह बयान आगे किसी कार्रवाई की संभावना का संकेत था, लेकिन इसे किसी नए अभियान की आधिकारिक घोषणा नहीं माना जा सकता। ट्रंप ने ईरान को हुए नुकसान का जिक्र तो किया, लेकिन इसके साथ कोई सैन्य ब्रीफिंग या आधिकारिक आंकड़े पेश नहीं किए। ट्रंप का कहना था कि भले ही कुछ लोग इस अभियान का विरोध करते हों, लेकिन बड़ी संख्या में लोग इसका समर्थन भी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, एक तरह से लोग शायद इसे पसंद नहीं करते, लेकिन बहुत से लोग, बहुत से देशभक्त इसे सही मानते हैं।

लाल सागर में नौका हमले की घटना में सभी 14 भारतीय नागरिक सुरक्षित : भारतीय दूतावास

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। सऊदी अरब के लाल सागर के दक्षिणी हिस्से में हमले की शि कार हुई एक नौका में सवार 14 भारतीय नागरिकों को सुरक्षि त बचा लि या गया है। यमन में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यमन में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडि या प्ले टफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट किया, %%सभी 14 भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं और यमन में होदेदाह के आसपास मौजूद हैं। हम उनकी सलामती सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम करते रहेंगे।%%

यमन के हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को दावा किया कि सऊदी अरब ने लाल सागर के दक्षिणी हिस्से में जुकर द्वीप के पास 14 भारतीय नागरिकों को ले जा रही एक नौका को निशाना बनाया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया के मुताबिक, यमन के सशस्त्र बल नौका पर सवार लोगों को बचाने के अभियान में जुटे। सारेया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा, शुरुआती जानकारी के अनुसार, सऊदी अरब ने जुकर द्वीप के पास भारतीय नागरिकों को ले जा रही नौका को निशाना बनाया। यमन के सशस्त्र बल बचाव अभियान चला रहे हैं। यह घटनाक्रम सऊदी अरब में दम्माम स्थित किंग फहद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार रात हुए हमले के एक दिन बाद सामने आया है। भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बताया कि इस हमले में मारे गए दो लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल था, जबकि दो अन्य भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा, सऊदी अधिकारियों ने हमले में भारतीय नागरिक की मौत और दो अन्य भारतीयों के घायल होने की जानकारी दी है। हम घटना से जुड़ी अधिक जानकारी जुटा रहे हैं और पीड़ित परिवारों के संपर्क में हैं।÷ उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

सिर्फ प्रोडक्ट ही फेल नहीं, उससे जुड़ी कंपनियां भी फेल', सुधांशु त्रिवेदी का राहुल गांधी पर जोरदार तंज

डेली आवाज भारती



द्वनई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में दिए गए बयान राहुल गांधी भारतीय राजनीति के फेल प्रोडक्ट पर बात की। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अपने विदेश दौरों के दौरान संदिग्ध लोगों से मिलते हैं और देश लौटने के बाद भारत विरोधी प्रचार करते हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, सत्ता से बाहर रहते हुए जल बिन तड़पती मछली जैसी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस पार्टी का मूल मंत्र सत्ता में रहते हुए लूट-खसोट करना, समाज में फूट डालना और भारतीय धर्म व संस्कृति के प्रति दिल में घृणा है। इसके ड्राइविंग इंजन दुर्भाग्य से देश में विपक्ष के नेता भी हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, शायद देश से कहीं ज्यादा कांग्रेस पार्टी के लिए, क्योंकि वह इस समय देश से चंपत होकर, सूत्रों के अनुसार चंपा में विचरण कर रहे हैं। चंपा वियतनाम का प्राचीन नाम है। वे देश और अपनी खुद की पार्टी, दोनों के लिए एक पहेली बन गए हैं। जहां प्रधानमंत्री मोदी का ट्रैक रिकॉर्ड उपलब्धियों से भरा है, वहीं राहुल गांधी का ट्रैक रिकॉर्ड कांग्रेस पार्टी के लिए समस्याओं से भरा हुआ है। आज, कांग्रेस पार्टी ने न केवल अपने भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि देश के संवैधानिक ढांचे को भी दांव पर लगा दिया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, ÷मैं इस दावे के समर्थन में तथ्य और सबूत पेश करूंगा कि वह (राहुल गांधी) एक %फेल प्रोडक्ट% हैं। हमारी पीढ़ी के लोगों को शायद याद हो या बाकी लोगों ने इसके बारे में पढ़ा हो कि उन्हें दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में एक राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज और शूटिंग एथलीट के तौर पर दाखिला मिला था। लेकिन, उसके बाद वह अपने निशाने चूकते रहे और देश ने शूटिंग में उनकी कोई खास उपलब्धि नहीं देखी। यह उनकी पहली विफलता थी। इसके बाद, अपने परिवार की परंपरा का पालन करते हुए, वह उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड चले गए। 1996 से 1999 के बीच उन्होंने 'मॉनिटर' नाम की एक ब्रिटिश कंपनी के लिए काम किया, जो बाद में बंद हो गई। इसके बाद वह 'बैकऑप्स' नाम की दूसरी ब्रिटिश कंपनी में पार्टनर बने और 2003 से 2009 तक उसके डायरेक्टर रहे, बाद में वह कंपनी भी बंद हो गई। यहां सिर्फ 'प्रोडक्ट' ही फेल नहीं हो रहा, बल्कि उससे जुड़ी कंपनियां भी फेल हो रही हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 2014 में कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी को अपना अघोषित नेता बना दिया और लोकसभा में पार्टी अपनी अब तक की सबसे निचली संख्या पर आ गई। बचपन में हम सपना देखते थे कि एक दिन भाजपा अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल करेगी और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वह सपना सच हो गया। हम यह भी सोचते थे कि क्या कांग्रेस कभी 100 सीटों से नीचे जा सकती है। 2014 में यह 50 सीटों से भी नीचे आ गई। इसके बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस में कई प्रयोग किए। राहुल गांधी ने यूथ कांग्रेस चुनाव को लोकतांत्रिक करने की बात कही थी। इसके बाद पूरे देश ने देखा कि यूथ कांग्रेस में भीड़ तंत्र और एआई समिट में नग्न प्रदर्शन के अलावा कुछ नहीं दिखा।

एक प्रयोग किया कि कांग्रेस के अंदर उम्मीदवार चुनाव के जरिए तय होंगे। यह भी प्रयोग पूरी तरह विफल हुआ। कांग्रेस ने राहुल गांधी को यूथ लीडर के रूप में लॉन्च किया, लेकिन पूरी तरह फेल हुए। 2019 में हिंदू दिखाने का प्रयोग भी फेल हुआ। 2024 में सद्दाम हुसैन जैसी दाढ़ी रखकर भारत विरोधियों के स्वर में स्वर मिलाया और पूरा प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस तीन अंकों में सीट जीत नहीं पाई।

page 8_Layout 1 23-10-2026 21:41 Page 1

दिल्ली में 30 अक्टूबर को ही होगा दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट, मंजूरी मिलने के बाद खत्म हुआ सस्पेंस

डेली आवाज भारती



मुंबई। पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के दिल्ली कॉन्सर्ट को लेकर चल रहा सस्पेंस अब खत्म हो गया है। 30 अक्टूबर को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले उनके %ऑरा इंडिया टूर% के शो को मंजूरी मिल गई है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों के चलते कार्यक्रम की अनुमति पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद कॉन्सर्ट रद्द होने की खबरें सामने आने लगी थीं। अब बुकमायशो की टीम ने साफ किया है कि शो रद्द नहीं हुआ था, बल्कि इसकी अनुमति अस्थायी रूप से रोकी गई थी। आयोजकों ने दिल्ली पुलिस के साथ बैठक कर सुरक्षा, ट्रैफिक और भीड़ को संभालने से जुड़ी अतिरिक्त तैयारियों की जानकारी दी। इसके बाद कार्यक्रम की अनुमति पर दोबारा विचार किया गया और मंजूरी जारी कर दी गई।

बुकमायशो की टीम की ओर से जारी अपडेट में कहा गया है कि दिलजीत दोसांझ के 30 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले कॉन्सर्ट के रद्द होने की खबरें सही नहीं हैं। इवेंट की मंजूरी को कुछ समय के लिए रोका गया था, न कि रद्द किया गया था। त्योहारों के मौसम में सुरक्षा को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने इवेंट के आयोजक बुकमायशो लाइव से सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक मैनेजमेंट और भीड़ को संभालने के लिए अतिरिक्त इंतजाम करने को कहा था। अपडेट के अनुसार, बुकमायशो लाइव की टीम ने दिल्ली पुलिस के साथ सौहार्दपूर्ण बैठक की और कॉन्सर्ट को लेकर अपनी विस्तृत योजना पेश की। आयोजकों ने पुलिस को भरोसा दिलाया कि सुरक्षा और ट्रैफिक से जुड़ी सभी जरूरी शर्तों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने कॉन्सर्ट को मंजूरी देने पर दोबारा विचार किया और अनुमति दे दी। बुकमायशो की टीम ने कहा कि वह दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि कॉन्सर्ट में आने वाले लोगों के साथ-साथ आसपास के इलाकों में आने-जाने वाले लोगों को भी किसी तरह की परेशानी न हो।इस अपडेट से उन फैंस को राहत मिली है, जो शो को लेकर असमंजस में थे। दिलजीत के दिल्ली शो को मंजूरी मिलने के बाद अब उनके फैंस 30 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम का इंतजार कर रहे हैं। उनके %ऑरा इंडिया टूर% में दिल्ली के बाद इंदौर, अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु और लखनऊ समेत अन्य शहरों में भी कॉन्सर्ट हैं।

आज से ट्राइडेंट ग्रुप की दिवाली धमाका सेल शुरू, 2 नवम्बर तक मिलेगी आकर्षक छूट

डेली आवाज भारती

जिसमें 2 नवंबर तक आकर्षक छूटें मिलेंगी



बरनाला।औद्योगिक क्षेत्र में अपनी अनूठी पहचान बना चुके ट्राइडेंट ग्रुप ने हर साल की तरह दिवाली के अवसर पर लोगों के लिए एक विशेष दिवाली धमाका सेल का आयोजन किया है। यह सेल 24 अक्टूबर से शुरू होकर 2 नवंबर तक चलेगी। इस दौरान लोगों को विभिन्न प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले घरेलू सामान सामान्य कीमतों की तुलना में भारी छूट पर खरीदने का अवसर मिलेगा। यह सेल रायकोट रोड पर ट्राइडेंट ग्रुप सगेरा के सामने स्थित त्रिवेनी कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जा रही है। सेल का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा। दिवाली जैसे शुभ त्योहारों के अवसर पर घर की सजावट और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी करने वालों के लिए यह सेल विशेष आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद है। इस सेल में तौलिए, बाथरोब, बेडशीट, कंबल, रजाई, तकिए के कवर, नोटबुक और कई अन्य वस्तुएं उपलब्ध होंगी। त्योहारी माहौल में एक ही स्थान पर विभिन्न उत्पादों की खरीदारी की सुविधा लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। तैयारियां पूरी रफ्तार से चल रही हैं, खरीदारों की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दिवाली धमाका सेल को सफल बनाने के लिए त्रिवेनी कॉम्प्लेक्स में तैयारियां ज़ोरों से चल रही हैं। सेल के दौरान उत्पादों की उचित प्रस्तुति और खरीदारी के लिए सुविधाजनक माहौल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से ट्राइडेंट ग्रुप अपने उत्पादों को लोगों तक पहुंचाना चाहता है और साथ ही त्योहार की खुशियों को बढ़ाना चाहता है। इस सेल की खास बात यह है कि लोगों को घरेलू सामान समेत अन्य चीजें आकर्षक छूट पर खरीदने का मौका मिलेगा। दिवाली के मौके पर नए सामान की खरीदारी करने वाले परिवारों के लिए यह पहल बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। दिवाली का मेला 31 अक्टूबर से तीन दिनों तक चलेगा। दिवाली धमाका सेल के साथ-साथ, ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा हर साल आयोजित होने वाला दिवाली मेला भी इस बार 31 अक्टूबर, 1 नवंबर और 2 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस तरह, यह तीन दिवसीय मेला उत्सव के माहौल को और भी रंगीन बना देगा। सेल और मेले के इस संयोजन से क्षेत्र के लोगों को खरीदारी के साथ-साथ उत्सव के माहौल का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्राइडेंट ग्रुप के प्रशासनिक प्रमुख रूपिंदर गुप्ता ने बताया कि दिवाली धमाका सेल और वार्षिक दिवाली मेले की तैयारियां पूरी जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सेल के दौरान लोगों को विभिन्न उत्पादों पर आकर्षक छूट मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र के निवासियों को इस सेल और दिवाली मेले का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। ट्राइडेंट ग्रुप उद्योग के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी महत्व दे रहा है। ट्राइडेंट ग्रुप के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पद्म श्री डॉ. राजिंदर गुप्ता ने समूह के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र में एक विशिष्ट मुकाम हासिल किया है। उनके नेतृत्व में, समूह गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ-साथ जनहित से जुड़ी पहलों को भी महत्व देता है। दिवाली के अवसर पर इस तरह की बिक्री और वार्षिक मेले का आयोजन लोगों को खरीदारी में सुविधा प्रदान करने और त्योहार की खुशियाँ बाँटने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

पद्म श्री डॉ. राजिंदर गुप्ता के नेतृत्व में ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा की जा रही ये पहलें सराहनीय हैं, क्योंकि ये औद्योगिक गतिविधियों को लोगों के दैनिक जीवन और त्योहारों की खुशियों से जोड़ती हैं। दिवाली धमाका सेल 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक चलेगी, जबकि दिवाली मेला 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में पांच दिवसीय 'दस्तक थिएटर फेस्टिवल 2026' का दूसरा दिन

'आंख मिचौली' नाटक ने दर्शकों को हंसाया

प्रसिद्ध कलाकारों की शानदार अदाकारी ने बांधा समां, तीसरे दिन अभिनेता राकेश बेदी का सोलो नाटक 'मसाज' होगा प्रस्तुत

डेली आवाज भारती



मोहाली, संदीप अकालगढ़िया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय 'दस्तक थिएटर फेस्टिवल 2026' के दूसरे दिन प्रसिद्ध हिंदी कॉमेडी नाटक 'आंख मिचौली' की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को हंसी और मनोरंजन से भरपूर शाम का अनुभव करवाया। नाटक में कलाकारों की बेहतरीन अदाकारी, हास्यपूर्ण संवादों और दिलचस्प घटनाक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सी.पी. देसपांडे द्वारा लिखे गए इस नाटक का निर्देशन विकास बहरी ने किया। नाटक में जतिन सरना, परितोष त्रिपाठी और सुगंधा श्रीवास्तव ने अपनी अभिनय प्रतिभा से प्रस्तुति को खास बना दिया। कलाकारों की आपसी तालमेल और संवाद अदायगी ने नाटक में हास्य के कई रंग भर दिए, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। नाटक की कहानी एक ऐसे परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बाहर से सामान्य दिखाई देता है, लेकिन अंदरूनी तौर पर कई रहस्यों, गलतफहमियों और अनकही भावनाओं से घिरा हुआ है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, परिवार के सदस्यों के छिपे हुए पहलू सामने आने लगते हैं और कई अप्रत्याशित तथा हास्यपूर्ण परिस्थितियां पैदा होती हैं। परिवार के सदस्यों के बीच होने वाली उलझन भरी बातचीत और घटनाओं में अचानक आने वाले बदलाव कहानी को और भी दिलचस्प बनाते हैं। नाटक की विशेषता इसकी हास्यपूर्ण प्रस्तुति और रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी परिस्थितियों को नाटकीय अंदाज में पेश करने की कला रही। कहानी में आने वाले उतार-चढ़ाव दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखते हैं, जबकि पात्रों की आपसी प्रतिक्रियाएं हंसी के नए पल पैदा करती हैं। इस प्रकार नाटक ने मनोरंजन के साथ-साथ पारिवारिक रिश्तों की बारीकियों और मानवीय व्यवहार के विभिन्न पहलुओं को भी उजागर किया। निर्देशक विकास बहरी ने लेखक सी.पी. देसपांडे की रचना को मंच पर प्रस्तुत करते हुए कॉमेडी और ड्रामा के बीच संतुलन बनाए रखा। पात्रों के संवाद, घटनाओं का क्रम और कलाकारों की प्रभावशाली अदाकारी ने नाटक को रोचक बनाया। 'आंख मिचौली' की प्रस्तुति के साथ फेस्टिवल का दूसरा दिन हंसी, कला और मनोरंजन के रंगों से सराबोर रहा। विद्यार्थियों और दर्शकों को रंगमंच की कला से रूबरू करवा रहा फेस्टिवल पांच दिवसीय 'दस्तक थिएटर फेस्टिवल 2026' के माध्यम से विद्यार्थियों और दर्शकों को विभिन्न नाटकों तथा अनुभवी कलाकारों की रचनात्मक प्रतिभा से रूबरू करवाया जा रहा है। ऐसे आयोजन युवाओं में कला और रंगमंच के प्रति रुचि पैदा करने के साथ-साथ समाज में रंगमंच की सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को उजागर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। नाटक के माध्यम से मनोरंजन के साथ सामाजिक जीवन, पारिवारिक रिश्तों और मानवीय व्यवहार को समझने का अवसर भी मिलता है।

भबात रोड स्थित ग्रीन फील्ड होम्स की घटना

लोगों ने दूसरी जगह चोरी की कोशिश के संदेह में पकड़ा, पूछताछ में तारें चोरी करने की बात स्वीकारने का दावा

डेली आवाज भारती

जीरकपुर। भबात रोड स्थित ग्रीन फील्ड होम्स में एक निर्माणाधीन मकान से बिजली और एसी की तारें चोरी करने का मामला सामने आया है। मकान मालिक संजय कुमार ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान करने का दावा किया है। शिकायत के अनुसार, 16 और 17 अक्तूबर की मध्यरात्रि एक व्यक्ति मकान में दाखिल हुआ और करीब 15 से 20 मिनट तक अंदर रहने के बाद तारें एक गत्ते के डिब्बे में डालकर बाहर निकल गया। मकान मालिक के मुताबिक, 22 अक्तूबर को भबात रोड स्थित सैनी टावर के पास लोगों ने एक व्यक्ति को पकड़ रखा था। उसका चेहरा सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देने वाले व्यक्ति से मिलता-जुलता लगा। इसके बाद फुटेज दिखाकर पूछताछ करने पर आरोपी ने कथित तौर पर चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने राहुल रावत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(2) और 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निर्माणाधीन मकान में बिजली का काम चल रहा था

पुलिस को दिए बयान में देवकी अपार्टमेंट, जीरकपुर निवासी संजय कुमार (42) ने बताया कि वह ग्रीन फील्ड होम्स, भबात रोड पर अपने नए मकान नंबर 09 का निर्माण करवा रहे हैं। मकान में बिजली की फिटिंग का काम चल रहा था। 17 अक्तूबर को वह निर्माण कार्य देखने पहुंचे तो अंदर से बिजली और एसी की तारें गायब मिलीं। इसके बाद उन्होंने मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची।

रात में खाली हाथ आया, डिब्बे में तारें लेकर निकला

संजय कुमार के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में 16 और 17 अक्तूबर की मध्यरात्रि एक व्यक्ति मकान में खाली हाथ दाखिल होता दिखाई दिया। उसने नीले रंग की हुडी, नीले रंग का सफेद पट्टी वाला पायजामा पहन रखा था। उसके सिर पर सफेद रंग का परना बंधा था और पैरों में जूते नहीं थे। शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह व्यक्ति करीब 15 से 20 मिनट तक मकान के अंदर रहा। इसके बाद वह एक गत्ते का डिब्बा लेकर बाहर निकला, जिसमें मकान से चोरी की गई बिजली और एसी की तारें रखी हुई थीं।

जालंधर में बस स्टैंड पर चोरी की वारदात

पर्स लेकर भाग रही महिला को दबोचा

- दो महिलाओं ने वारदात को दिया अंजाम, साथी महिला भागी
- बस स्टैंड पर जमकर हंगामा, पर्स में करीब 5 हजार रुपये थे
- पीछा कर पकड़ी महिला भी भीड़ का फायदा उठाकर फरार
- वहीं थाने में इस घटना को लेकर किसी की कॉल नहीं आई थी

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर के नकोदर बस स्टैंड पर महिला यात्री का पर्स चोरी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो महिलाओं ने बस का इंतजार कर रही एक यात्री के बैग से पर्स निकाल लिया और मौके से भागने लगीं। हालांकि, पीड़ित महिलाओं ने हिम्मत दिखाते हुए उनका पीछा किया और एक महिला को पकड़ लिया। इस दौरान बस स्टैंड पर हंगामा हो गया।

भीड़ का फायदा उठाकर पकड़ी गई महिला भी वहां से फरार हो गई। बताया जा रहा है कि पर्स में करीब 5 हजार रुपये थे। जानकारी के मुताबिक, करीब 50 वर्ष की दो महिला यात्री नकोदर बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान दो संदिग्ध महिलाएं उनके पास पहुंचीं और एक महिला के बैग से पर्स निकाल लिया। चोरी का पता चलते ही पीड़ित महिलाओं ने तुरंत बस स्टैंड के अंदर ही कपूरथला काउंटर के पास एक संदिग्ध महिला को पकड़ लिया, जबकि उसकी साथी मौके से फरार हो गई। पीड़ित महिलाओं ने पकड़े जाने के बाद वहां हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान पीड़ित महिलाओं ने आरोपी महिला की पिटाई कर दी। हालांकि, कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद पकड़ी गई महिला भी वहां से भाग निकली। इस कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। पीड़ित महिला यात्रियों के मुताबिक, चोरी हुए पर्स में लगभग 5 हजार रुपये थे। दोनों महिलाओं ने अपना नाम और पता भी नहीं बताया।

बस स्टैंड पर सक्रिय गिरोह पर यात्रियों ने उठाए सवाल

लोगों का कहना है कि बुजुर्ग यात्री भी ऐसे गिरोहों के निशाने पर रहते हैं। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायत के लिए फोन करने के बावजूद करीब आधे घंटे तक कोई पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। वहीं, इस मामले में थाना सिटी के मुंशी ने कहा कि थाने में इस घटना को लेकर किसी की कॉल नहीं आई थी। फिलहाल, घटना में शामिल महिलाओं की पहचान को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत जीरकपुर के वार्ड नंबर 31 से मथुरा-वृंदावन के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना

- कहा–धार्मिक आस्था का सम्मान करना पंजाब सरकार की प्राथमिकता

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल :पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ स्थान यात्रा योजना के तहत जीरकपुर के वार्ड नंबर 31 से श्रद्धालुओं की बस मथुरा-वृंदावन के पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए रवाना की गई। इस अवसर पर हलका विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ स्थान यात्रा योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लोगों को देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के लिए सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राएं हमारी आस्था, संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई हैं। इस प्रकार की योजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को अपने आराध्य के दर्शन करने और पवित्र धार्मिक स्थलों पर नतमस्तक होने का अवसर मिलता है। विधायक रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लोगों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए इस योजना को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लोगों की सुविधा और भलाई को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मथुरा और वृंदावन भगवान श्री कृष्ण जी की पावन धरती के रूप में प्रसिद्ध हैं। भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं में इन स्थानों का विशेष महत्व है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण जी के दर्शन करने और आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने के लिए यहां पहुंचते हैं। इस यात्रा के माध्यम से जीरकपुर के श्रद्धालुओं को भी इन पवित्र स्थलों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। विधायक रंधावा ने यात्रा पर रवाना हुए सभी श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण जी के चरणों में नतमस्तक होकर अपने परिवारों और पंजाब की खुशहाली, शांति एवं सर्वकल्याण के लिए प्रार्थना करें। इस अवसर पर नगर परिषद जीरकपुर के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह विर्क, पार्षदगण, वार्ड इंचार्ज तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हेलिकॉप्टर्स ने गंगा के ऊपर दिल बनाया : आसमान से फूल बरसाए

डेली आवाज भारती



वाराणसीः वाराणसी में एयर शो के पहले दिन नमो घाट पर सेना के सारंग हेलिकॉप्टर्स ने गंगा के ऊपर आसमान में तिरंगा बनाया। राफेल-सुखोई ने हवा में कलाबाजी दिखाई। गुरुवार सुबह 11.50 बजे हुए इस एयर शो में 52 लड़ाकू विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। जगुआर, मिराज-2000, तेजस और मिग-29 ने तीर की नोक के डिजाइन में उड़ान भरी। एयर शो में हेलिकॉप्टर ने गंगाजी पर फूलों की बारिश की। वहीं, चिनूक हेलिकॉप्टर ने गंगा के पानी को टच किया और फिर आसमान में उे गया। सारंग हेलिकॉप्टर ने गंगा के ऊपर दिल बनाया। 100 विमानों के इस एयर शो में लड़ाकू विमानों के अलावा 15 परिवहन विमान, 32 हेलिकॉप्टर और विंटेज विमान शामिल रहे। ये विमान देशभर के 12 एयरपोर्ट से उड़ान भरकर पहुंचे हैं। काशी में एयरफोर्स के 94वें स्थापना वर्ष पर एयर शो किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना ने विंग्स ओवर गंगा एयर शो नाम दिया है। यह अभी 23 और 25 अक्टूबर को भी होगा। करीब 20 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। 25 अक्टूबर को एयर शो में पीएम मोदी भी पहुंचेंगे।

जीरकपुर की प्रीत कॉलोनी में रिश्ते हुए तार-तार

मौसी के घर आई नाबालिग लड़की के साथ मौसा द्वारा अश्लील हरकतें करने का आरोप

- विरोध करने पर लड़की की मां और मौसी के साथ मारपीट

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर की प्रीत कॉलोनी में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां अपनी मौसी के घर आई एक नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर मौसा द्वारा छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें की गई। इतना ही नहीं, विरोध करने पर आरोपी ने नाबालिग की मां और मौसी के साथ भी मारपीट की। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में पंचकूला जिले के पिंजौर की निवासी महिला ने बताया कि वह 7 अक्टूबर को अपनी बेटी के साथ जीरकपुर की प्रीत कॉलोनी में अपनी छोटी बहन के घर गई थी। 8 अक्टूबर की रात करीब साढ़े नौ बजे उसकी बेटी घर के बरामदे में अपनी मौसी के बेटों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान नाबालिग ने रोते हुए अपनी मां को बताया कि मौसा ने उसके बालों से पकड़कर उसे दूसरे कमरे में खींच लिया और कमरे की कुंडी लगा दी। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकतें कीं और उसके कपड़े उतारने की कोशिश की। लड़की द्वारा शोर मचाने का प्रयास करने पर आरोपी मौसा ने उसका मुंह दबा दिया। लड़की द्वारा पूरी घटना के बारे में अपनी मां को बताया गया। जिसके बाद उसने सारी बात अपनी छोटी बहन को बताई कि तेरे पति द्वारा मेरी लड़की के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई। जब दोनों बहनों ने आरोपी से इस संबंध में पूछताछ की, तो जगदीप अली ने दोनों बहनों के साथ गाली-गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपी ने दोनों बहनों को थप्पड़ मारे और शिकायतकर्ता को जान से मारने की नीयत से गला भी दबा दिया। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग एकत्र हुए, तो दोषी घर के अंदर चला गया और छत से गमले नीचे फेंक दिए। घटना के बाद 9 अक्टूबर को पीड़ित महिला की बहन और बेटी को पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां से छुट्टी मिलने के बाद 22 अक्टूबर को वे जीरकपुर थाने पहुंचीं और पुलिस को लिखित बयान दर्ज कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी जगदीप अली उर्फ बॉबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

काम दिलाने के बहाने ले जाकर दलित युवक से कुकर्म

लुधियाना/रायकोट। लुधियाना देहाती के रायकोट में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली दरिंदगी की रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। मजदूरी का काम दिलाने का झांसा देकर एक मिस्त्री और उसके साथी ने दलित समुदाय से संबंधित एक गरीब युवक को पहले जबरन नशा करवाया और फिर उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार (कुकर्म) किया। दरिंदों की हैवानियत यहीं नहीं थमी; उन्होंने युवक के प्राइवेट पार्ट में लकड़ी का गोल डंडा डालकर उसे अंदरूनी व बाहरी रूप से गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस अमानवीय कृत्य और जान से मारने की धमकियों के चलते सदमे में आया पीड़ित युवक तीन दिन तक असहनीय पीड़ा सहता रहा और आत्महत्या करने की सोचने लगा। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा मनोचिकित्सक से काउंसलिंग करवाने के बाद पीड़ित ने आपबीती बताई। घटना के करीब 20 दिन बाद थाना सिटी रायकोट की पुलिस ने मुख्य आरोपी नानक सिंह और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।

CMYK